संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार 20 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 168 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## सेना ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भद्रवाह के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में गश्त तेज की



**टीम एक्शन इंडिया**
**भद्रवाह।** जम्मू और कश्मीर में प्रमुख पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने के साथ ही सेना ने सभी आगंतुकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। भारतीय सेना की 4 राष्ट्रीय राइफल्स ने जम्मू संभाग के भद्रवाह के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में गश्त तेज की है।
बढ़ी हुई गश्त का उद्देश्य निवासियों और पर्यटकों दोनों को आश्वस्त करने के साथ ही किसी भी असामाजिक या विघटनकारी गतिविधियों को रोकना है। जम्मू और कश्मीर में प्रमुख पर्यटन स्थलों के हाल ही में खुलने के साथ ही भारतीय सेना ने क्षेत्र में आने या रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। दूरदराज के इलाकों में हवाई निगरानी करने के लिए पैदल गश्त के साथ ड्रोन भी तैनात किये गए हैं, ताकि सेना कठिन इलाकों की अधिक प्रभावी ढंग से निगरानी कर सके।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना: डेटा रिकवरी के लिए ब्लैक बॉक्स अमेरिका भेजा जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबाद।** एयर इंडिया दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त ब्लैक बॉक्स के विस्तृत विश्लेषण के लिए उसे अमेरिका भेजे जाने की तैयारी है। हादसे में आग लगने से ब्लैक बॉक्स को व्यापक नुकसान पहुंचने के कारण भारत में डेटा हासिल करना संभव नहीं हो पाया है। एयर इंडिया बोइंग 787 दुर्घटना में गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (डीएफडीआर) की जांच वाशिंगटन स्थित नेशनल सेफ्टी ट्रांसपोर्ट बोर्ड (एनटीएसबी) की प्रयोगशाला में की जाएगी। एनटीएसबी की टीम भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा और निगरानी में उसे अपनी प्रयोगशाला में ले जाएगी। यूनाइटेड किंगडम की वायु दुर्घटना जांच शाखा के प्रतिनिधि विश्लेषण में भाग लेंगे, क्योंकि हताहतों में 53 ब्रिटिश नागरिक भी शामिल थे। इन रिकॉर्डिंग उपकरणों से डेटा प्राप्त करने में दो दिन से लेकर कई महीनों तक का समय लग सकता है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उपकरण कितनी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुई है।



जांच के नतीजे भारतीय विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के साथ साझा किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार जांच का नेतृत्व उस देश द्वारा किया जाना चाहिए जहां दुर्घटना हुई हो।
एएआईबी ने पिछले साल दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में एक प्रयोगशाला स्थापित की थी, लेकिन अभी तक रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए इसे पूरी तरह सुविधायुक्त नहीं बनाया गया है। दुर्घटना की जांच के दौरान ब्लैक बॉक्स महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर समय, ऊंचाई और हवाई गति सहित आवश्यक तकनीकी मापों को कैप्चर करता है, जबकि सीवीआर कॉकपिट से महत्वपूर्ण ऑडियो डेटा संग्रहित करता है, जिसमें पायलट संवाद और कॉकपिट सिस्टम से इलेक्ट्रॉनिक चेतावनी संकेतों जैसी पृष्ठभूमि ध्वनियाँ शामिल हैं। फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर), जिसे ब्लैक बॉक्स के रूप में जाना जाता है, चमकीले नारंगी रंग से रंगे होते हैं और विमान के टेल सेक्शन के पास होते हैं, जहाँ दुर्घटना का प्रभाव आमतौर पर न्यूनतम होता है।

### फास्ट न्यूज

## रूस ने यूक्रेन के 81 यूएवी रोके या मार गिराए

**मास्को।** रूस की वायुरक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के 11 स्थानों में 81 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका या नष्ट कर दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। यूक्रेन ने रात लगभग नौ बजे से सुबह तक कई स्थानों पर यूएवी हमले का प्रयास किया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा, "18 जून को रात 9:20 बजे मास्को समय (जीएमटी +3) से लेकर 19 जून को सुबह 6:40 बजे तक 81 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग यूएवी को वायुरक्षा इकाइयों ने रोका या नष्ट कर दिया। ब्रांस्क क्षेत्र में 19, कुर्स्क क्षेत्र में 17, स्मोलेंस्क क्षेत्र में 13, वोल्गोग्राड क्षेत्र में सात, ओर्योल क्षेत्र में छह, रोस्तोव क्षेत्र में पांच, क्रीमिया गणराज्य में पांच, बेलगोरोड में तीन, अस्त्राखान क्षेत्रों में तीन, रियाजान क्षेत्र में दो और मास्को क्षेत्र में एक यूएवी को या रोक दिया गया या मार गिराया गया। ब्रांस्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने कहा कि सीमावर्ती रूसी क्षेत्र में 19 फिक्स्ड-विंग यूएवी नष्ट होने के बाद कोई चोट या क्षति नहीं हुई। न ही रियाजान क्षेत्र के गवर्नर पावेल मालकोव ने ड्रोन हमले के बाद किसी नुकसान की सूचना दी।

## तकनीकी खराबी के कारण लेह जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट दिल्ली वापस लौटी

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन की नई दिल्ली से लेह जाने वाली उड़ान संख्या 6ई 2006 तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार सुबह दो घंटे से अधिक समय तक हवा में रही और उसके बाद उसे आईजीआई हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से लेह के लिए 19 जून को उड़ान भरने वाली फ्लाइट (6ई-2006) तकनीकी समस्या के कारण अपने मूल स्थान पर लौट आई है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि परिचालन पुनः शुरू करने से पहले विमान का आवश्यक रखरखाव किया जा रहा है। यात्रियों को लेह ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने इस विमान में सफर करने वाले यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद जताया है। हालांकि, इस विमान में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी।

### देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द शर्म आएगी: ऐसे समाज का निर्माण दूर नही: शाह

# हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। उन्होंने यह बयान गुरुवार को नई दिल्ली में पूर्व कअर आशुतोष अग्निहोत्री की बुक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन के मौके पर दिया। शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा, 'अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।

**शाह बोले- 2047 तक हम दुनिया में टॉप पर होंगे**
अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है।पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है।

**प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में बदलाव की जरूरत:** शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है।
ऐसा शायद इसलिए क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है।
उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

**साहित्य ही हमारे समाज की आत्मा:** केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जब हमारा देश घोर अंधकार के युग में डूबा हुआ था, तब भी साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीप जलाए रखे। जब सरकार बदली तो किसी ने इसका विरोध नहीं किया, लेकिन जब भी किसी ने हमारे धर्म, संस्कृति और साहित्य को छूने की कोशिश की तो हमारा समाज उनके खिलाफ खड़ा हुआ और उन्हें हरा दिया। साहित्य हमारे समाज की आत्मा है। शाह के बयान पर इंडियन सेक्युलर फ्रंट विधायक नौशाद सिद्दीकी ने सवाल किया।
उन्होंने कहा- शाह बताएं कि हमें कौन सी भाषा बोलनी चाहिए- सिर्फ हिंदी? हमारे देश में बंगाली, हिंदी, अंग्रेजी जो भी उन्हें पसंद हो, बोलेंगे। भारत कई भाषाओं का देश है। लोग अपनी पसंद की कोई भी भाषा बोलने और सीखने के लिए स्वतंत्र हैं। 27 फरवरी को तमिलनाडु में कोयंबटूर में ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि समारोह में अमित शाह भी शामिल हुए थे।



### शाह बताएं हम कौन सी भाषा बोलें: आईएसएफ

**शाह** के बयान पर इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) विधायक नौशाद सिद्दीकी ने सवाल किया। उन्होंने कहा- शाह बताएं कि हमें कौन सी भाषा बोलनी चाहिए- सिर्फ हिंदी? हमारे देश में बंगाली, हिंदी, अंग्रेजी जो भी उन्हें पसंद हो, बोलेंगे। भारत कई भाषाओं का देश है। लोग अपनी पसंद की कोई भी भाषा बोलने और सीखने के लिए स्वतंत्र हैं। अंग्रेजी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है और इसका ज्ञान होना जरूरी है। 27 फरवरी को तमिलनाडु में कोयंबटूर में ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि समारोह में अमित शाह भी शामिल हुए थे।

### प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में बदलाव जरूरी

**शाह** ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है।शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है।




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पहुंची देहरादून, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत

## सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को चार दिन के बाद आज सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें पेट से संबंधित बीमारी के कारण 15 जून को भर्ती कराया गया था।डिस्चार्ज होने पर सोनिया गांधी को लेने उनके बेटे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अस्पताल पहुंचे थे। राहुल गांधी का आज जन्मदिन भी है। पार्टी नेताओं और शुभचिंतकों ने सोनिया गांधी के जल्द ठीक होने की कामना की है। डॉक्टरों ने सोनिया गांधी को आराम करने की सलाह दी है। सर गंगा राम अस्पताल के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्हें पेट में संक्रमण के चलते यहां भर्ती कराया गया था। अब उनकी हालत में सुधार हुआ है। 78 वर्षीय सोनिया को गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में निगरानी में रखा गया था। सोनिया को इस महीने दूसरी बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

## ऑपरेशन सिंधु- ईरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, 'वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद आज इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया।
इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी।

## विभागों में कागजी लेखा-जोखा खत्म करने की कवायद



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों और विभागों को आदेश दिया है कि वे अब कर्मचारियों की डिजिटल (ई-सर्विस) सर्विस बुक बनाए रखें और धीरे-धीरे कागजी सर्विस बुक को खत्म करें। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय ने दी है।
**क्या होती है सर्विस बुक ?:** सरकारी कर्मचारी की सर्विस बुक एक ऐसा दस्तावेज होता है जिसमें उसकी पूरी नौकरी के दौरान हुई सभी अहम जानकारियां दर्ज होती हैं। इसमें भर्ती से लेकर सेवानिवृत्ति तक का पूरा रिकॉर्ड होता है—जैसे कि पदोन्नति, स्थानांतरण, अवकाश, वेतन में बदलाव आदि।

## ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से हिला इजराइल

**टीम एक्शन इंडिया**
**तेल अवीव:** ईरान और इजराइल के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष के सातवें दिन आज दोनों देशों में भारी तबाही की खबरें हैं। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले से इजराइल हिल गया है। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों की नई लहर से कई शहरों पर तेज बमबारी की है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की खबर के अनुसार मिसाइलों की लहर थमने के बाद इजराइल के रक्षामंत्री काट्ज ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। होलोन में काट्ज ने




तबाही देखकर कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आधुनिक हिटलर हैं। उन्होंने कहा कि इस आदमी को खत्म करना युद्ध के लक्ष्यों के अनुरूप है। अस्पतालों और शहरों को निशाना बनाना ठीक नहीं है। इजराइल ने अभी तक ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल डिफेंस फोर्जेज (आईडीएफ) ने कहा कि आईडीएफ ने ईरान के अराक रिएक्टर, परमाणु हथियार विकास स्थल और दर्जनों अन्य ठिकानों पर हमला किया है।

### ईरान-इजरायल संघर्ष से कच्चे तेल में तेजी

**नई दिल्ली:** ईरान-इजरायल के बीच जारी जंग और उसमें अमेरिका के हस्तक्षेप की वजह से मिडिल ईस्ट का तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस तनाव का प्रत्यक्ष असर क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमत में आई तेजी के रूप में देखा जा सकता है। मिडिल ईस्ट के तनाव की वजह से कच्चा तेल आज 77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को भी पार कर गया। भारतीय समय के हिसाब से शाम 5 बजे ब्रेंट क्रूड 77.77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 76 डॉलर के स्तर को पार करके 76.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा।

## मीठी नदी सफाई घोटाले में एक्टर डिनो मोरिया से ईडी ने फिर की पूछताछ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** अभिनेता डिनो मोरिया से गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिर पूछताछ की। मुंबई कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने पर उनके साथ उनके भाई सैंटिनो मोरिया भी थे। यह पूछताछ मीठी नदी सफाई परियोजना में कथित 65 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर की जा रही है। इस मामले में ईडी ने डिनो मोरिया से पहले भी पूछताछ की थी। अब एक बार फिर उन्हें जांच एजेंसी के सामने हाजिर होना पड़ा है, जिससे मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है।

### वन नेशन वन इलैक्शन की संयुक्त संसदीय समिति शिमला पहुंची है, प्रदेश में 1287 प्रस्ताव इस चुनावी प्रक्रिया के पक्ष में रहे।

## एक देश एक चुनाव पर डॉ बिंदल की अध्यक्षता में भाजपा ने सौंपी रिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला:** संयुक्त संसदीय समिति का अध्ययन दौरा संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 एक देश एक चुनाव का हिमाचल दौरा रहा, फागू स्थित एक निजी होटल में समिति ने इस चुनाव प्रक्रिया को लेकर विभिन्न समितियों से सुझाव लिए। इस समिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, समिति अध्यक्ष पी पी चौधरी, राज्यसभा सांसद पी विल्सन, समिति सदस्य भुवनेश्वर, राहुल सिंह, जीशा जेम्स मौजूद रहे।
इस दौरान भाजपा का एक



प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल की अध्यक्षता में समिति से मिला। भाजपा की ओर से डॉ राजीव बिंदल ने साथ पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, विधायक जीत राम कटवाल, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा एवं जिला अध्यक्ष केशव चौहान समिति के भाग रहे। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने समिति को एक देश एक चुनाव पर एक रिपोर्ट भी दी और बताया कि प्रदेश में 1287 प्रस्ताव इस चुनावी प्रक्रिया के पक्ष में रहे। डॉ राजीव बिंदल ने बताया कि 2010 में मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल के समय 8 अप्रैल 2010 को हिमाचल विधानसभा में प्राइवेट मेंबर्स रेजोल्यूशन पारित हुआ था।
डॉ. राजीव बिन्दल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि वन नेशन वन इलैक्शन की संयुक्त संसदीय समिति शिमला पहुंची है और आज हिमाचल प्रदेश की सरकार, विपक्ष, राजनीतिक पार्टियां और प्रशासनिक अधिकारी इस विषय पर क्या रूख रखते हैं इस संबंध में हम शिमला पहुंचे है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि हमारा स्पष्ट मत है कि जब भारत का संविधान बना तब से लेकर 1970 के दशक तक संसदीय चुनाव, विधानसभाओं के चुनाव, स्थानीय शहरी निकाय के चुनाव, पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव एक साथ हुआ करते थे। बदलते वक्त के साथ जब 1975 में देश में आपातकाल लगा तो चुनावों का समय बदल गया और इसके साथ ही जो चुनी हुई सरकारें थी, उनको तोड़ने का क्रम शुरू हुआ जिसके कारण आजकल आये दिन चुनाव होते हैं।

### संशोधन

- 2010 में सीएम धूमल के समय 8 अप्रैल 2010 को हिमाचल विस. में प्राइवेट मेंबर्स रेजोल्यूशन पारित हुआ था

## कांग्रेस लीडरशिप के कुछ लोगों से मतभेद: थरूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**तिरुवनंतपुरम :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं। थरूर गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं। थरूर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्धांत उन्हें पसंद हैं। 16 साल तक पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं।
हालांकि थरूर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके मतभेद नेशनल





स्तर के नेताओं के साथ हैं या राज्य स्तर के। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने संकेत दिया कि उपचुनाव के नतीजों के बाद वह इन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं। थरूर बोले- मुझे केरल उपचुनाव में प्रचार के लिए नहीं बुलाया केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट पर गुरुवार को उपचुनाव हो रहे हैं। इन चुनावों के लिए प्रियंका गांधी भी प्रचार के लिए गईं थीं। जब थरूर से पूछा गया कि, वे चुनाव अभियान में शामिल क्यों नहीं हुए, तो उन्होंने जवाब दिया कि उन्हें इसके लिए इनवाइट नहीं किया गया था। जबकि पिछले साल वायनाड में हुए उपचुनाव में उन्हें बुलाया गया था।

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दी जाएगी ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल ने आज गांव बहलोलपुर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया। गांव की सरपंच नेहा सैनी, प्रशिक्षण संस्थान के स्टाफ और ग्रामीणों ने सांसद नवीन जिन्दल का स्वागत किया और प्रशिक्षण संस्थान को गोद लेने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। सांसद नवीन जिन्दल ने संस्थान के छात्रों, स्टाफ और ग्रामीणों से संवाद कर प्रशिक्षण संस्थान में भविष्य की संभावनाओं को



लेकर गहन चर्चा भी की। सांसद नवीन जिन्दल ने इस मौके पर छात्रों से बातचीत भी की। छात्रों ने सांसद नवीन जिन्दल को, पढ़ाई में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। छात्रों की हर प्रकार की समस्या का समाधान करने के लिए सांसद नवीन जिन्दल ने शिक्षकों को निर्देश दिए। सांसद नवीन जिन्दल ने प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, इंफ्रास्ट्रक्चर, एडमिशन प्रक्रिया और छात्रों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूरी जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से महिला प्रशिक्षण की संभावनाओं पर बल देते हुए कहा कि आसपास की ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस प्रशिक्षण संस्थान को एक सशक्त मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में जो अलख जगाई, हम उनके नाम पर स्थापित इस संस्थान के माध्यम से उस विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव** उर्फ **मल्ले**, निवास: **F-349, जेजे कॉलोनी, रघुबीर नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 898/2023, U/S 25/54/59/53/116 Arms Act., थाना रजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **राजीव** उर्फ **मल्ले** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजीव** उर्फ **मल्ले** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 898/2023, U/S 25/54/59/53/116 Arms Act., थाना रजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव** उर्फ **मल्ले** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 22.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नन्दन भट्ट
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 02
पश्चिम जिला, रूम नं. 356
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7116/WD/2025 (Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त **(1) समीर उर्फ नन्हे पुत्र इनाम इलाही पता: डी–27, गली नं.1, नूर इलाही, घोंडा, गढ़ी मेंडू, दिल्ली (2) मोहम्मद बुरहान पुत्र मोहम्मद खुख्तार पता: मकान नंबर 628, गली नं.5, बजरंग बली मोहल्ला, मौजपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 193/25 दिनांक 16.03.2025 धारा 123/303/317(2)/111/3(5) बीएनएस के तहत** थाना: मुखर्जी नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) समीर उर्फ नन्हे (2) मोहम्मद बुरहान** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) समीर उर्फ नन्हे (2) मोहम्मद बुरहान** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 193/25 दिनांक 16.03.2025 धारा 123/303/317(2)/111/3(5) बीएनएस के तहत थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली के उक्त (1) समीर उर्फ नन्हे (2) मोहम्मद बुरहान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अमरदीप कौर
एसीजेएम जिला रोहिणी
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7930/NW/2025



## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82255015A | संयुक्त प्रतिस्थापन के लिए रोबोट (संलग्न पीडीएफ के अनुसार संशोधित विनिर्देश) | 1 | 15.07.2025 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**टेंडर नोटिस सं.: 82255015A/MED/PART-II दिनांक 19.06.2025** 1833/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शांतनु हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** कुरुक्षेत्र के शाहबाद में शराब कारोबारी शांतनु की गोली मारकर हत्या मामले में अंबाला एसटीएफ को कामयाबी मिली है। उन्होंने इस हत्याकांड में शामिल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों मे बराड़ा के अकालगढ़ गांव का निवासी बलजिंदर, शाहबाद निवासी शुभम और इंद्री के खानपुर गांव का निवासी सुजल है। इनमें दो बदमाशों को कुरुक्षेत्र के शाहबाद से गिरफ्तार किया है तो दूसरे को इंद्री से गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ आरोपियों को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में मेडिकल के लिए लेकर आई। इसके बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया गया।

एसटीएफ के निरीक्षक प्रतीक कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों पर चार मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें शुभम पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है तो बलजिंदर पर अवैध शराब के मामले दर्ज हैं।

वहीं शांतनु हत्याकांड में प्रयोग किए गए हथियारों को लेकर एसटीएफ रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। वहीं इस बारे में जानकारी देते हुए एसटीएफ एसपी वसीम अकरम ने बताया कि इस मामले में जेल में बंद कुछ अन्य आरोपी भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि जेल में बंद राजन नाम के अपराधी को प्रोटेक्शन वारंट पर लाकर उससे पूछताछ की जाएगी। वहीं इसके साथ उन्होंने कहा कि इस केस में जिस भी आरोपी का हाथ होगा उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा व यह भी पता किया जाएगा कि यह आरोपी किस गैंग के लिए काम करते हैं।


## रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन)/समय–सारणी/मार्ग में परिवर्तन

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली से चलने वाली/पर समाप्त होने वाली निम्नलिखित रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन) को आनन्द विहार (ट.)/दिल्ली जं./हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर स्थानांतरित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन) में परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान टर्मिनल | वर्तमान समय–सारणी | | संशोधित टर्मिनल | संशोधित समय–सारणी | | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | |
| 12801 | पुरी | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 04:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | 03:50 | --- | 18.08.2025 |
| 12802 | नई दिल्ली | पुरी | नई दिल्ली | --- | 22:40 | आनन्द विहार (ट.) | --- | 22:50 | 20.08.2025 |
| 12523 | न्यू जलपाईगुड़ी | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 12:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | 11:55 | --- | 19.08.2025 |
| 12524 | नई दिल्ली | न्यू जलपाईगुड़ी | नई दिल्ली | --- | 15:10 | आनन्द विहार (ट.) | --- | 15:20 | 20.08.2025 |
| 14681 | नई दिल्ली | जलंधर शहर | नई दिल्ली | --- | 14:45 | दिल्ली जं. | --- | 14:35 | 15.07.2025 |
| 14682 | जलंधर शहर | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 13:15 | --- | दिल्ली जं. | 13:15 | --- | 15.07.2025 |
| 14679 | नई दिल्ली | अमृतसर | नई दिल्ली | --- | 13:50 | दिल्ली जं. | --- | 13:45 | 15.07.2025 |
| 14680 | अमृतसर | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 14:25 | --- | दिल्ली जं. | 14:15 | --- | 15.07.2025 |
| 22209 | मुंबई सेन्ट्रल | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 15:55 | --- | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | --- | 18.08.2025 |
| 22210 | नई दिल्ली | मुंबई सेन्ट्रल | नई दिल्ली | --- | 22:10 | हजरत निजामुद्दीन | --- | 22:20 | 19.08.2025 |

**रेलगाड़ी संख्या 14681 के टर्मिनल एवं समय–सारणी में परिवर्तन**

| स्टेशन | वर्तमान समय–सारणी | | संशोधित समय–सारणी दिल्ली जं. से 15.07.2025 से प्रभावी | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| नई दिल्ली | ----- | 14:45 | ----- | ----- |
| दिल्ली जं. | ----- | ----- | ----- | 14:35 |
| गाजियाबाद | 15:23 | 15:25 | 15:13 | 15:15 |
| मोदीनगर | 15:49 | 15:51 | 15:39 | 15:41 |
| मेरठ शहर | 16:08 | 16:10 | 15:58 | 16:00 |
| मेरठ छावनी | 16:16 | 16:18 | 16:06 | 16:08 |
| सकौती टाण्डा | 16:34 | 16:36 | 16:24 | 16:26 |
| मुजफ्फरनगर | 16:58 | 17:00 | 16:48 | 16:50 |
| देवबंद | 17:18 | 17:20 | 17:08 | 17:10 |
| सहारनपुर | 18:25 | 18:35 | 18:25 | 18:35 |

**रेलगाड़ी संख्या 12204/12203 अमृतसर–सहरसा–अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस के मार्ग में संशोधन**
**(यह रेल सेवा नई दिल्ली स्टेशन पर नहीं ठहरेगी तथा इसे दिल्ली जं. स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जायेगा)**

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग एवं ठहराव | | | संशोधित मार्ग एवं ठहराव (अमृतसर से 17.08.2025 से तथा सहरसा से 18.08.2025 से प्रभावी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मार्ग | नई दिल्ली आगमन | नई दिल्ली प्रस्थान | दिल्ली जं. आगमन | दिल्ली जं. प्रस्थान | मार्ग |
| 12204 | अमृतसर | सहरसा | आदर्श नगर दिल्ली–नई दिल्ली–तिलक ब्रिज–साहिबाबाद | 10:50 | 11:05 | 10:50 | 11:05 | आदर्श नगर दिल्ली–दिल्ली जं.–दिल्ली शाहदरा–साहिबाबाद |
| 12203 | सहरसा | अमृतसर | साहिबाबाद–तिलक ब्रिज–नई दिल्ली–आदर्श नगर दिल्ली | 13:55 | 14:05 | 13:55 | 14:10 | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं.–आदर्श नगर दिल्ली |

1838/2025

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें



## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

निविदा सं. 46255137 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए कार्यरत वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है:–

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम :** SUPPLY OF Traction Converter for Medha Make Three Phase AC EMU Motor Coach type MAE675V2 as per Medha Part No SP675101002. |
| 2. | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,46,34,360/- |
| 3. | **मात्रा :** 01 Nos |
| 4. | **निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय :** 17.07.2025 (11:00 Hrs.) |
| 5. | **निविदा दस्तावेजों को खोलने की तिथि एवं समय :** 17.07.2025 (11:00 Hrs.) |
| 6. | **वेबसाइट की विवरण, जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in |

**टिप्पणी:**- i. ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। ii. सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। iii. कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।

**एनआईटी सं.: 46255137 दिनांक: 18.06.2025** 1835/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

**खुली निविदा संख्या:** JHS-RCNK-M-ECA-25-26-10 **दिनांक:** 17.06.2025

### ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम:** आरसीएन के झाँसी में कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी कोचों के पहियों पर EDDY Current Array (ईसीए) विधि द्वारा सतह दोष पहचान परीक्षण।

**कार्य की लागत:** ₹ 1,25,93,524.44 (18% जीएसटी सहित)

**अग्रिम राशि:** ₹ 2,13,000.00 **कार्य पूरा होने का समय:** छत्तीस महीने

**ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय: 11.07.2025 समय 11:00 बजे तक**

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। **1053/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी फकीरा उर्फ कल्लू पुत्र** रामेश्वर, **पता:** वेगाबॉन्ड लिविंग गली नंबर 1 के पास हरदेव नगर झरोदा माज़रा बुराड़ी, **दिल्ली एवं** ए–17 ए. आई, हरदेव नगर झड़ौदा माजरा, **दिल्ली–110084 एवं** सी/ओ मीना (चाय की दुकान की मालकिन) गली नंबर 1, शिव मंदिर के सामने वाली गली, नाले के पास, थाना वजीराबाद, बुराड़ी, **दिल्ली FIR No. 806/21, U/S: 354/354D IPC & 8/12 POCSO ACT, पुलिस थाना: वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फकीरा उर्फ कल्लू**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फकीरा उर्फ कल्लू**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **फकीरा उर्फ कल्लू, FIR No. 806/21, U/S: 354/354D IPC & 8/12 POCSO ACT, पुलिस थाना: वजीराबाद, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मनोज कुमार–II
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
FTSC (POCSO)–02 (केंद्रीय),
कमरा नं. 142 प्रथम तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7670/N/2025 (Court Matter)


# रास्ता रोककर डंडों से मारपीट करके घायल किया

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने रास्ता रोककर डंडों से मारपीट करके घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रमन निवासी गांव चौहान जोशी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव चौहान जोशी निवासी राजकिशन ने दो मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गत 29 अप्रैल को रात करीब साढ़े नौ बजे डीजे पर गाना चलाए हुए थे। गानों को लेकर कुछ लड़कों के साथ कहासुनी व हाथापाई हो गई। एक मई को करीब साढ़े सात बजे वह दावत राइस मिल की तरफ जा रहा था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चरणजीत सिंह उर्फ शेम्पी, पुत्र श्री हरभजन सिंह निवासी ई-129, कमला नगर, दिल्ली, दूसरा पता एल-202, एम्बिएंस, गुरूग्राम, हरियाणा** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 45/2003, दिनांक 05.06.2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 47/2003, दिनांक 11.06.2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 52/2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 53/2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 54/2003, दिनांक 08.07.2003, भा.द.सं. की धारा 419/420/409/120बी/34 के तहत, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **चरणजीत सिंह उर्फ शेम्पी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **चरणजीत सिंह उर्फ शेम्पी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है))।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 45/2003, दिनांक 05.06.2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 47/2003, दिनांक 11.06.2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 52/2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 53/2003, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 54/2003, दिनांक 08.07.2003, भा.द.सं. की धारा 419/420/409/120बी/34 के तहत, थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चरणजीत सिंह उर्फ शेम्पी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अनुज कुमार सिंह
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, कमरा नं. 26, भूतल, उपभवन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/7891/Spl. Cell/2025



## उत्तर रेलवे
### ई–खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/ ओ.ई.टी/निविदा सूचना/24-25/डब्लयू–ई/ टेंडर नं. 13 (ए.बी) दिनांक 18.06.2025

मंडल अभियंता/सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 15.07.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/हॉर्टिकल्चर/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/हॉर्टिकल्चर/दिल्ली किशनगंज के कार्य क्षेत्र में उत्तर रेलवे मंडल अस्पताल में हरित क्षेत्र का विकास एवं रख–रखाव के कार्य हेतु। (बी) सहायक मंडल अभियंता/हॉर्टिकल्चर/नई दिल्ली के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/हॉर्टिकल्चर/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में जीएम बिल्डिंग एनेक्सी–I बिल्डिंग, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली के मुख्य प्रवेश द्वार पर वर्टिकल गार्डन/लैंडस्केप का वार्षिक रखरखाव हेतु। | |
| अनुमानित लागत | (ए) रुपये 5999918.00 | (बी) रुपये 5959726.74 |
| धरोहर राशि | (ए) रुपये 120000.00 | (बी) रुपये 119200.00 |
| समापन अवधि | (ए) 30 महीने | (बी) 33 महीने |

1. निविदा दिनांक 15.07.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। 1829/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# लाखों रुपये की नकदी व चेन चोरी

**सोनीपत :** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में स्थित प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय से लाखों रुपये की राशि चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गि रफ्तार आरोपित अमित उर्फ प्रेम निवासी चनौरा नेपाल का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की नकदी, सोने की चेन व लॉकेट बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया जायेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। माडल टाउन निवासी प्रदीप सहरावत ने बताया कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है। उसके मॉडल टाउन में कार्यालय बना रखा है। उसे कार्यालय पर काम करने वाले की आवश्यकता थी। जींद के रहने उनके दोस्त ने नेपाल के जिला काठमांडू के गांव धनगढ़ी के रहने वाले प्रेम को उनके पास काम के लिए भेजा था।

वह कार्यालय में चाय बनाने के साथ ही साफ-सफाई का काम भी करता था। प्रदीप का कहना है कि वह रविवार को अपने ऑफिस पर पहुंचे तो ऑफिस बंद मिला। जिसके बाद उन्होंने प्रेम को कई बार फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। उन्होंने सीसीटीवी की जांच की तो प्रेम आफिस बंद कर एक गाड़ी में बैठ कर जाता दिखाई दिया। इसके बाद ऑफिस का ताला तोड़कर जांच की तो वहां रखी अलमारी का ताला टूटा मिला।

# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041



## सूचना

**खण्ड मुरथल, जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत गढ़ी-बख्तावरपुर में 1 सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। गांव का कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए गांव के सरपंच के पास अपना आवेदन दिनांक 05.07.2025 तक जमा करवा सकते है।**

सरपंच
श्रीमति अनिता,
ग्राम पंचायत गढ़ी-बख्तावरपुर
खण्ड-मुरथल।



## बेदखली सूचना

मै जो कि निर्मला पत्नी राजेंद्र निवासी गांव राजपुर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका कप्तान व उसकी पत्नी कुसुम मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते है। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई ताल्लुक नहीं है। भविष्य में उनसे कोई लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।



## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।



## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।



## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# योग दिवस को भव्य तरीके से मनाएगी सरकार

योग साधना में दिल्ली के लोगों के साथ मुख्यमंत्री भी होंगी सहभागी

**नई परंपरा**

**योग दिवस पर हम सब मिलकर राजधानी दिल्ली में एक नई परंपरा की शुरूआत करेंगे : मुख्यमंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को बहुत भव्य तरीके से मनाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में कहा कि योग दिवस पर हम सब मिलकर राजधानी दिल्ली में एक नई परंपरा की शुरूआत करेंगे। दिल्ली के 11 प्रतिष्ठित स्थलों पर वे उनके कैबिनेट सहयोगी और दिल्ली के सांसद, विधायक दिल्ली के लोगों के साथ योग साधना में सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह आयोजन केवल योग का उत्सव नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जनशक्ति का प्रतीक बनेगा, जहां सरकार और समाज मिलकर एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक दिल्ली के संकल्प को साकार करेंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 21 जून को अपनी भागीदारी से इस योग महापर्व को ऐतिहासिक जन-उत्सव बनाएं और ह्यएक भारत, स्वस्थ भारतह्न के संकल्प को और मजबूत करें। इसके पहले 7 जून को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने एक बयान में कहा था कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वार्षिकी के अवसर पर सरकार दिल्ली में 11 स्थानों पर योग दिवस का आयोजन करने जा रही है। दिल्ली सरकार पहली बार भारत सरकार के साथ मिलकर आधिकारिक तौर पर दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर रही है। दिल्ली के विभिन्न 11 प्रमुख स्टेडियम/ खेल परिसरों में ( त्यागराज स्टेडियम, ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स, झिलमिल कॉलोनी, बवाना, पहलादपुर, भारत नगर, यमुना बैंक, नजफगढ़ स्टेडियम, द्वारका सेक्टर-6, अशोक नगर हॉकी स्टेडियम आदि) आयोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस योग दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में लगभग 20,000 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है, जिनमें दिल्ली सरकार के विद्यालयों के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, एनएसएस/एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स आदि शामिल होंगे। मुख्य आयोजन स्थल के रूप में छत्रसाल स्टेडियम का चयन किया गया है।

## ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर ने की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने पत्रकारों को मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर जो एनजीओ के माध्यम विभिन्न सेवाओं कर रहे है। उसके बारे में मुख्यमंत्री से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के सौ दिन की उपलब्धियों और योजनाओं को लेकर टोनी ब्लेयर से चर्चा की। इस दौरान ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने शासन के अनुभवों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की सौ दिनों में उपलब्धियों को उजागर करने वाली एक पुस्तिका टोनी ब्लेयर साझा की। टोनी ब्लेयर दिल्ली सरकार के सौ दिनों की प्रगति के पैमाने और गति से आश्चर्यचकित हो गए। उन्होंने टिप्पणी की कि अन्य सरकारों को भारतीय राज्य सरकारों के प्रदर्शन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रभावित दिखाई दिए।

# लांबा ने ओडिशा में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध पर सरकार की आलोचना की

**साधा निशाना**

**ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ हिंसा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है : अलका लांबा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला अध्यक्ष अलका लांबा ने गुरुवार को ओडिशा में महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध पर सरकार की आलोचना किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा में महिलाएं सरकार से न्याय की मांग कर रही है। अलका लांबा ने आज इंद्रा भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा में महिलाओं के खिलाफ हिंसा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।
ओडिशा के तीन शहरों में जो भी घटनाएं घटी वे बेहद चिंतित करने वाली हैं। इस अवसर पर ओडिशा की मुस्लिम महिला विधायक सोफिया फिरदौस और ओडिशा प्रदेश महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मीनाक्षी बहिनीपति मौजूद रही। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि ओडिशा उन राज्यों की सूची में सबसे ऊपर है जहां महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। सरकार को अपराध कम करने के लिए कार्य करना चाहिए। अलका लांबा ने आडिशा में महिला अपराधों से जुड़े मामलों का ब्यौरा देते हुए कहा कि यहां रोजाना 15 दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ?10 महीने में राज्य के विभिन्न स्थानों में 4,500 बेटियां न्याय की गुहार लगा रही हैं।? 11 महीने में प्रदेश की 28,000 महिलाएं और बेटियां अत्याचार का शिकार हुई हैं। लांबा ने बताया कि ओडिशा में 36,000 महिलाएं और 8,400 बच्चियां गायब हैं। उन्होंने सवालिया लहजें में पूछा कि सरकार अब तक कितनी महिलाओं और बच्चियों को वापस ला पाई है। इस मौके पर ओडिशा महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनाक्षी बाहिनीपति ने कहा कि ओडिशा में भाजपा सरकार के तहत महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ओडिशा में महिला कांग्रेस की महिलाओं ने एकजुट होकर विधानसभा का घेराव किया।
विधानसभा घेराव के बाद कांग्रेस नेताओं को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। ओडिशा की मुस्लिम महिला विधायक सोफिया फिरदौस ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में महिलाओं से सुरक्षा का वादा किया था। लेकिन आज यहां की महिलाओं को अंधेरे में धकेल दिया गया है।

# भाजपा सांसद चंदोलिया ने किराड़ी विधानसभा की केएसएन ड्रेन का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने गुरुवार को किराड़ी विधानसभा की केएसएन ड्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस ड्रेन के निर्माण के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। यह जानकारी सांसद ने एक्स पर साझा की।
भाजपा सांसद के निरीक्षण के दौरान दिल्ली विकास प्राधिकरण रोहिणी जोन, दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग और दिल्ली नगर निगम (रोहिणी व नरेला जोन) के मुख्य अभियंता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों का सहयोगात्मक रवैया, तत्परता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। स्थानीय नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से सुनीं। जनता को राहत देना ही हमारा उद्देश्य है।

# इंटरस्टेट साइबर ठगी रैकेट का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित चीनी नागरिकों के संपर्क में रहकर ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी और यूएसडीटी के माध्यम से चीन भेजते थे। इस साइबर फ्रॉड में कुल 15.8 लाख की ठगी की गई थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से 6 स्मार्टफोन भी बरामद किए हैं, जिनमें आपराधिक गतिविधियों के पुख्ता सबूत मिले हैं। डीसीपी अमित गोयल ने गुरुवार को बताया कि शिकायतकर्ता के. कांत ने अपने साथ ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसे व्हाट्सऐप और टेलीग्राम पर होटल व रेस्टोरेंट्स की ऑनलाइन रिव्यू पोस्ट करने के बदले पैसे कमाने का ऑफर मिला। शुरूआत में उसे छोटे-छोटे टास्क के बदले भुगतान मिला, जिससे उसका विश्वास जीता गया। फिर ह्लवेलफेयर टास्क,ह्व ह्लअकाउंट अनफ्रीज़िंग,ह्व और ह्लक्रेडिट स्कोर सुधारह्व जैसे बहाने बनाकर 15.8 लाख से अधिक की ठगी कर ली गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। डीसीपी के अनुसार इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

# एम्स में आदिवासी स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान के लिए केंद्र की होगी स्थापना

**पुरस्कार**

**मंत्रालय ने रोग के इलाज को लेकर दवा विकसित करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार की घोषणा की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने रोग के इलाज को लेकर दवा विकसित करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा पुरस्कार की घोषणा की है। इसके साथ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आदिवासी स्वास्थ्य एवं अनुसंधान संस्थान के लिए एक उन्नत केंद्र की स्थापना की जाएगी। एम्स में गुरुवार को एक कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के राज्यमंत्री दुगार्दास उइके ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जैसी खतरनाक बीमारी को समाप्त करने के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि उनका मंत्रालय देश से इस बीमारी को समाप्त करने के लिए अन्य हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। एक जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के संकल्प की घोषणा की थी कि 2047 के अंक तक भारत की धरती से सिकल सेल एनीमिया को समाप्त कर दिया जाएगा।
ह्लविश्व सिकल सेल दिवसह्व पर एम्स में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप मंत्रालय अन्य विभागों के साथ मिलकर इस बीमारी के उन्मूलन के लिए स्क्रीनिंग, परीक्षण और अन्य आवश्यक कार्य पूरा करने वाला है। यह न केवल चिकित्सा बिरादरी के लिए एक चुनौती है, बल्कि देश में आदिवासी समुदायों को सामाजिक न्याय प्रदान करने का एक आंदोलन भी है। उन्होंने चिकित्सा बिरादरी से भारत से इस बीमारी को खत्म करके प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान राज्यमंत्री ने सिकल सेल एनीमिया के मरीजों और उनके परिवारों से भी बातचीत की।
विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के सचिव विभु नायर ने कहा कि सिकल सेल और एनीमिया से पीड़ित रोगियों को प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने देशभर के एम्स सहित 15 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में सक्षमता केंद्र (सीओसी) शुरू किए हैं। यह इस साल नवंबर अंत तक काम करना शुरू कर देगा।

# इंडियाटूरिज्म कुतुब मीनार परिसर में मनाएगा योग दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** इंडियाटूरिज्म दिल्ली पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के अवसर पर कुतुब मीनार (यूनेस्को विश्व धरोहर) परिसर के प्रतिष्ठित सन डायल लॉन में सामूहिक योग सत्र का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम देश की कालातीत कल्याण विरासत और वैश्विक कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। इस वर्ष का वैश्विक विषय, "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्न है, जो मानव कल्याण और पारिस्थितिक संतुलन के बीच गहन संबंध को रेखांकित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य योग को शारीरिक जीवन शक्ति, मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक शांति और आध्यात्मिक सद्भाव के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में बढ़ावा देना है । इस कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र सिंह यादव, जिला मजिस्ट्रेट लक्ष्य सिंघल, श्रीलंका दूतावास की उप उच्चायुक्त प्रियंगा विक्रमसिंघे एवं मलेशिया से विशेष अतिथि शामिल होंगे।

# चरस रखने के आरोपी को अदालत ने दी जमानत




**राहत**

**आरोपित को ये राहत मामले में सह आरोपित घनश्याम को पहले दी गई जमानत के आधार पर दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** तीस हजारी स्थित सत्र अदालत ने एक किलो से कम मात्रा में चरस रखने के आरोपित को सशर्त जमानत दे दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह ने आरोपित गोविंद को ये राहत मामले में सह आरोपित घनश्याम को पहले दी गई जमानत के आधार पर दी। अदालत ने गोविंद को 25 हजार के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के एक जमानती पर जमानत देने के साथ सख्त शर्तें भी लगाई। अदालत ने कहा कि जमानत पर रहने के दौरान आरोपित गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा और न ही सुबूतों से छेड़छाड़ करेगा।
रिहाई के बाद अपना मोबाइल नंबर संबंधित थाना प्रभारी को देगा और उसे हर समय चालू रखेगा।
मोबाइल नंबर या पता बदलने की स्थिति में तुरंत संबंधित जांच अधिकारी को सूचना देगा और अदालत की अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जाएगा। अदालत में बहस के दौरान आरोपित गोविंद के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि जब सह आरोपित घनश्याम को चार जून 2025 को नियमित जमानत मिल चुकी है, तो समानता के आधार पर गोविंद को भी जमानत दी जानी चाहिए। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए बताया कि गोविंद अन्य मामलों में भी शामिल है, लेकिन अदालत ने पाया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ आरोप समान प्रकृति के हैं और दोनों की गिरफ्तारी व बरामदगी एक साथ हुई है। दिल्ली पुलिस ने आरोपित गोविंद और सह-आरोपित घनश्याम को एक साथ पकड़ा था। दोनों के पास से कुल 676 ग्राम चरस बरामद की गई थी।
अदालत में बहस के दौरान आरोपित गोविंद के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि जब सह आरोपित घनश्याम को चार जून 2025 को नियमित जमानत मिल चुकी है, तो समानता के आधार पर गोविंद को भी जमानत दी जानी चाहिए।

# बायोगैस प्लांट बनने में अभी दो महीने और लगेंगे



**तारीख पर तारीख**

**बायोगैस प्लांट बनने में अभी दो महीने और लगेंगे, प्लांट से हर दिन 200 टन गैस बनेगी, गोबर से यमुना प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नंगली डेयरी में निर्माणाधीन बायो गैस संयंत्र को वर्ष 2023 में ही बनकर तैयार हो जाना चाहिए, लेकिन अभी तक यह अधूरा है। यदि संयंत्र पूरी तरह बनकर तैयार भी हो जाए तो भी यह शुरू नहीं हो पाएगा, वजह है बिजली के कनेक्शन नहीं मिलना। मान लीजिए बिजली का कनेक्शन मिल भी गया तो क्या यह शुरू हो जाएगा, यहां फिर एक अड़चन सामने आएगी। जो बायोगैस बनेगा, उसका क्या होगा।

**आईजीएल को बायो गैस बेचने की है योजना:** योजना के अनुसार बायो गैस इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) को बेचा जाएगा, लेकिन कैसे? पाइपलाइन नेटवर्क का विकास ही नहीं हुआ है। लेकिन तमाम अड़चनों को दूर करने की बात कहते हुए एक बार फिर दावा किया जा रहा है कि यह संयंत्र दो महीने में शुरू हो सकता है। अभी नंगली डेयर इलाके में प्रवेश करने पर आपको जगह जगह गोबर के ढेर, सड़कों पर जमा गंदा पानी, जाम पड़ी नालियां आसानी से दिखेंगी। यदि संयंत्र शुरू हो चुका होता तो शायद इन समस्याओं से क्षेत्र को निजात मिल जाती, लेकिन बदकिस्मती से संयंत्र के निर्माण की धीमी रफ्तार के कारण समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

**बायो गैस संयंत्र क्यों है अहम :** दिल्ली में यमुना को प्रदूषित करने में सबसे बड़ा योगदान नजफगढ़ ड्रेन का है। इस ड्रेन में नंगली, ककरौला, डेयरियों से गंदगी पहुंचती है। गोबर का निस्तारण सही तरीके से करने के बजाय पशुपालक उच्च दबाव पर पानी फेंककर गोबर को नाले में बहा देते हैं।

# चोरी के 30 से अधिक मामलों में शामिल दो बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की एएटीएस टीम ने ठक-ठक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान शोएब कुरैशी निवासी खैर नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश और उमरदराज निवासी केशरगंज मकबरा डिग्गी अल्ताफ चौक, मेरठ, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। उनके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन, एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद की। आरोपित चोरी के 30 से अधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस के मुताबिक ठक-ठक चोरी की हाल की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एएटीएस जिले में सक्रिय है। सूचना के आधार पर टीम विगत 14 जून को गश्त पर थी। टीम नारायणा से धौला कुआं की ओर मेट्रो पिलर नंबर-36, रिंग रोड के पास पहुंची तो एक संदिग्ध को अकेले घूमते हुए देखा। टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से चोरी का एक मोबाइल, एक अवैध पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए।
टीम ने आरोपित आरोपी शोएब कुरैशी को गिरफ्तार किया
शस्त्र अधिनियम के तहत थाना दिल्ली कैंट में मामला दर्ज कर टीम ने आरोपित आरोपी शोएब कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। शोएब ने बताया कि उसने हथियार और कारतूस अपने साथी उमरदराज निवासी मेरठ से खरीदे हैं।

## आनंद विहार में अवैध रूप से रह रहे 12 बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला के स्पेशल स्टाफ ने आनंद विहार में अवैध रूप से रह रहे 12 बांग्लादेशी नागरिकों को दबोचा है। इनमें छह नाबालिग भी शामिल हैं। पकड़े गए सभी आरोपित भारत-बांग्लादेश की सीमा पर अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे। वहां से सभी दिल्ली पहुंचे और आनंद विहार में अपनी पहचान छिपाकर रह रहे थे। पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एफआरआरओ को सूचना देकर इन सभी को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। इन सभी के डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# दिल्ली पुलिस ने किया साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने साइबर ठगी के अंतरराज्यीय सिंडिकेट का पर्दाफाश कर तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ये देश के अलग अलग राज्यों के लोगों से ठगी गई रकम को क्रिप्टोकरेंसी यूएसडीटी के माध्यम से चीन में पहुंचा रहे थे। पुलिस ने इनसे धोखाधड़ी में इस्तेमाल छह स्मार्टफोन बरामद किए हैं।
पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि जालसाजों की पहचान राजस्थान के जयपुर निवासी महेंद्र सिंह राजावत, आरिफ खान और लक्ष्मी नारायण वैश्य के रूप में हुई है। आरोपित टेलीग्राम ऐप के माध्यम से चीनी ठगों के संपर्क में थे। अंतरराज्यीय सिंडिकेट के तीनों ठग ठगी की रकम को क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से चीन ट्रांसफर कर रहे थे। इन्होंने हाल ही में दिल्ली के व्यक्ति से 15 लाख से ज्यादा रुपये ठगे थे। ये आनलाइन टास्क देकर ठगीर कर रहे थे।

**ऑनलाइन टास्क देकर बनाते थे शिकार:** जिले की साइबर थाना पुलिस को के कांत नाम के पीड़ित ने शिकायत दी थी। पीड़ित से ठगों ने व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया था। आरोपितों ने पीड़ित को होटल और रेस्तरां के लिए ऑनलाइन पॉजीटिव समीक्षा करने के लिए कहा था। इस टास्क के एवज में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया।
ठगों ने पीड़ित को भरोसे में लेने के लिए पहले तो कुछ दिनों तक उसे लाभ दिया। जब पीड़ित उनके झांसे में आ गया तो आरोपितों ने उनसे विभिन्न बहानों से 15.08 लाख रुपये ठग लिये थे।

## चीनी ठगों को बैंक खाते भी उपलब्ध कराए

**इंस्पेक्टर** प्रवेश कौशिक ने बताया कि जिन खातों में ठगी की रकम भेजी गई। उनके बारे में जानकारी जुटाई गई। वह राजस्थान में अलग अलग जगह के थे। पुलिस ने जयपुर, अजमेर सहित अन्य जगहों पर छापेमारी की। तब महेंद्र सिंह राजावत, आरिफ खान और लक्ष्मी नारायण वैश्य को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरिफ खान और लक्ष्मी नारायण वैश्य टेलीग्राम पर चीनी ठग के संपर्क में थे। उन्होंने ठगी की रकम के लिए चीनी ठगों को बैंक खाते भी उपलब्ध कराए। पुलिस को आरोपितों के मोबाइल में चीनी ठगों के साथ चैट और क्रिप्टोकरेंसी के लेनदेन का रिकॉर्ड भी मिला है।ये आरोपित ठगी का पैसा खातों में आते ही उसे 20 मिनट के अंदर निकाल लेते थे। फिर उस रकम को क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे, ताकि पुलिस के पास उसका कोई रिकार्ड न हो। महेंद्र सिंह ने क्रिप्टोकरेंसी को चीनी ठगों को भेजने के लिए अपने एक साथी सर्वेश की मदद ली।

# अश्लील संदेशों को वायरल करने की शिकायत पर विज ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए

## ठगी के दो अलग-अलग मामलों में भी श्री विज ने पुलिस को जांच कर केस दर्ज करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला छावनी में अपने आवास पर अम्बाला छावनी के लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। अंबाला छावनी निवासी एक युवती ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उनके घर के पास ही रहने वाले युवक ने उसका मोबाइल नंबर कुछ अश्लील संदेशों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसका आरोप था कि युवक द्वारा जानबूझकर उसे बदनाम करने की नीयत से ऐसा किया गया है। श्री विज ने मौके पर मौजूद डीएसपी रमेश कुमार को इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ



कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वशिष्ठ नगर से आई महिला ने श्री विज को शिकायत देते हुए बताया कि घर की पुश्तैनी जमीन बेचने को लेकर उनका सौदा हुआ था, मगर उसे अभी तक उसके हिस्से के 16 लाख रुपए नहीं मिले हैं। श्री विज ने मामले में डीएसपी, अंबाला कैंट को जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, अंबाला छावनी सदर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने अपने बेटे को विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायत दी। उसका कहना था कि उसके बेटे को कुरुक्षेत्र निवासी एजेंट ने विदेश भेजने के लिए सौदा किया और इसके लिए उन्होंने 5.10 लाख रुपए की राशि एजेंट को दी। मगर एजेंट ने न तो उसे विदेश भेजा और न ही

**निर्देश दिए**

**अम्बाला छावनी के लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए**

राशि वापस लौटाई। इस मामले में श्री विज ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री विज ने अंबाला के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र के लोगों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को शिकायत दी कि क्षेत्र में शरारती किस्म के लोग अक्सर घूमते हैं तथा बीते कुछ समय में यहां चोरियां भी हुई है। लोगों की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने डीएसपी कैंट को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**पीडब्ल्यूडी की यूनियन ने मंत्री अनिल विज को ज्ञापन सौंपा**
ऊर्जा मंत्री अनिल विज को आज पीडब्ल्यूडी मेकैनिकल वर्कर यूनियन सदस्यों ने अपना मांग पत्र सौंपा। इस दौरान यूनियन सदस्यों ने कई सूत्रीय मांग ज्ञापन के माध्यम से उठाई। सेवा समिति चौक निवासी महिला ने उसकी बुढ़ापा पेंशन लगाने, महेशनगर निवासी विवाहिता ने परिवार व ससुराल पक्ष द्वारा उसके साथ मारपीट करने, मच्छौंडा निवासी लोगों ने मच्छौंडा से शाहपुर तक रोड को चौड़ा करने, रामगढ़ माजरा निवासी लोगों ने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़वाने, तेली मंडी निवासी विवाहिता ने परिवार सदस्यों द्वारा उसके साथ मारपीट करने की शिकायत दी।

# भाजपा सरकार ने 8653 पदों पर भर्तियां रद्द कर बेरोजगारों के सपनों को तोड़ा: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार का ही लोगों के साथ विश्वासघात करना ही रहा है, किसानों के साथ विश्वासघात का खेल जारी है तो युवाओं के भविष्य से भी विश्वासघात किया है। विधानसभा चुनाव के समय वोट लेने के लिए पदों को विज्ञापित किया और जब काम निकल गया तो 8653 पदों पर भर्तियां रद्द कर सरकार ने बेरोजगारों के सपनों को तोड़ कर रख दिया है। इस प्रदेश का आहत युवा आने वाले समय में भाजपा को सबक सिखाकर रहेगा।
मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह युवाओं की आकांक्षाओं, मेहनत और भविष्य को लेकर कतई गंभीर नहीं है।



चुनाव से ठीक पहले युवाओं को लुभाने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 8653 पदों की भर्ती की घोषणा की गई। इनमें पुलिस, आईआरबी, स्टेनो, टाइपिस्ट जैसे अहम पद शामिल थे, जिसके लिए लाखों बेरोजगार युवाओं ने कठिन परिश्रम से तैयारी की थी। लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा सरकार ने इन सभी भर्तियों के विज्ञापन वापस लेने की अनुमति देकर युवाओं के भविष्य पर करारा प्रहार किया है। यह कोई सामान्य प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक सोचा-समझा विश्वासघात है एक ऐसा धोखा, जो हरियाणा के युवाओं को न केवल बेरोजगारी की दलदल में और गहरे धकेलता है, बल्कि उन्हें हतोत्साहित और अपमानित भी करता है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा पहले ही देश में सबसे अधिक बेरोजगारी वाला राज्य बन चुका है। यह सरकार की अस्थिर, अपारदर्शी और जनविरोधी नीतियों का परिणाम है। जो सरकार अपने ही वादों से यू-टर्न ले, उस पर भरोसा कैसे किया जा सकता है? सांसद ने कहा कि जिस भर्ती के लिए लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की और भविष्य के सपने देखे, भाजपा सरकार ने एक झटके में उन सभी सपनों को चकनाचूर कर दिया। यह युवाओं के साथ किया गया सुनियोजित विश्वासघात है। भाजपा सरकार की ऐसी ही अस्थिर, अपारदर्शी और युवा विरोधी नीतियों ने हरियाणा को बेरोजगारी में देश का नंबर वन राज्य बना दिया है।

**न्यूज फ्लैश**

## सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने आगामी मानसून को लेकर की समीक्षा बैठक

**चंडीगढ़** : सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक मंत्री श्रुति चौधरी के चंडीगढ़ स्थिति आवास कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे आईएएस अधिकारी मोहम्मद शाईन, विभाग के ईआईसी राकेश चौहान, बीरेंद्र सिंह, एसएस कादियान समेत सभी उच्च अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंत्री श्रुति चौधरी ने बरसात की आमद के बाद आज जिलेवार बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा किया जाए ताकि प्रदेश में मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। साथ ही कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से किसी भी शहर में जलभराव की स्थिति बनी तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने विभिन्न प्रकार के पंप, मोटर, पैनल आदि की खरीद और पाइपलाइन बिछाने, ड्रेन की सफाई व सीवरेज की सफाई कार्य की समीक्षा की। सिंचाई मंत्री ने बाढ़ नियंत्रण के लिए अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक परियोजनाओं के संबंध में सभी जिलाधिकारियों से जिलावार रिपोर्ट लेते हुए कहा कि मानसून से पहले यह सभी कार्य पूरे हो जाने चाहिए। मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि अधिकारी कुशलता से काम करें और सुनिश्चित करें कि ये परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हो।

## मुख्यमंत्री सैनी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर जताया दु:ख

**चंडीगढ़** : हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री विजय रूपाणी जी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक- दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस घटनाक्रम में सभी मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से परिजनों को दु:ख सहन करने और दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

## विश्व के 10 स्कूलों में रा.क.सी.से. स्कूल एनआईटी-5 फरीदाबाद का नाम शामिल होना है बड़ी उपलब्धि: महीपाल ढांडा

चंडीगढ़ : हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि ळ-4 एजुकेशन द्वारा विश्व के शीर्ष 10 स्कूलों में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 फरीदाबाद को शामिल किया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश के राजकीय स्कूलों के लिए प्रेरणादायक है। इससे यह भी साबित होता है कि सरकारी स्कूल वैश्विक मंच पर श्रेष्ठता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, एसटीईएम लैब और शिक्षकों के प्रशिक्षण जैसी शिक्षा सुधार पहलों को नई ऊर्जा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की यह सफलता पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक है और सरकारी स्कूलों को नवाचार और समग्र छात्र कल्याण की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि ळ-4 एजुकेशन द्वारा आयोजित वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइज 2025 की श्रेणी में विश्व के शीर्ष 10 स्कूलों को शामिल किया गया है, जिसमें राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद को भी स्थान दिया गया है। बता दें कि ळ-4 एजुकेशन एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संगठन है, जिसकी स्थापना 2020 में लंदन, यूनाइटेड किंगडम में हुई थी।

# अधिकारी शिशु गृहों व पर्यवेक्षण गृहों का करें नियमित दौरा: श्रुति

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारि?ों को निर्देश दिए कि वे शिशुगृहों व पर्यवेक्षण गृहों तथा निरीक्षण गृहों का नियमित दौरा करें और उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा कर उन्हें रिपोर्ट सौंपे। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री आज यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। श्रीमती चौधरी ने इस अवसर पर लाभार्थियों के विकास एवं संरक्षण के लिए दो प्रमुख पोर्टल भी लॉन्च किए, जिनमें बाल संरक्षण पोर्टल, प्ले स्कूल व क्रैंच के लिए एमआईएस प्रणाली पोर्टल शामिल हैं। बैठक में मंत्री को अवगत कराया कि बाल संरक्षण पोर्टल मिशन वात्सल्य के तहत बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की निगरानी में मददगार होगा। इसमें पुलिस द्वारा एफआईआर पंजीकरण व जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई से लेकर प्रत्येक बच्चे के लिए पुनर्वास योजना तक मामले की निगरानी रखी जा सकेगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्र प्रदेश में बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराएं।

# हुड्डा ने डीएपी की किल्लत को लेकर गंभीर चिंता जताई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने डीएपी की किल्लत को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि सोनीपत, झज्जर, फतेहाबाद, हिसार और रोहतक समेत कई दिनों में डीएपी की भारी किल्लत है। जबकि धान की रोपाई का सीजन शुरू हो चुका है। खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं और हमेशा की तरह सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। हुड्डा ने कहा कि हर फसली सीजन में किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भाजपा सरकार समय रहते कोई इंतजाम नहीं करती। इसके चलते किसानों को ब्लैक में महंगा खाद खरीदना पड़ता है, जिससे उनपर आर्थिक बोझ भी



पड़ता है और समय पर खाद ना मिलने से उत्पादन भी प्रभावित होता है। सोनीपत में डीएपी पूरी तरह खत्म हो चुकी है। क्योंकि इस सीजन में 1.10 लाख क्विंटल खाद की जरूरत है, लेकिन अभी तक सिर्फ 40 हजार क्विंटल डीएपी ही पहुंच पाई है। झज्जर में भी इसी तरह किल्लत बनी हुई है। एक सप्ताह पहले बमुश्किल 150 क्विंटल डीएपी की आपूर्ति हुई थी, लेकिन अब पीछे से खाद आनी बंद हो गई है।
क्योंकि रेवाड़ी में भी खाद आपूर्ति बंद हो चुकी है। रोहतक जिले में डीएपी की कुल खपत 1.70 लाख क्विंटल है, लेकिन वहां भी अभी तक पूरा स्टॉक नहीं पहुंच पाया है। इसलिए किसान खाद के लिए भटकर रहे हैं। फतेहाबाद में 1.85 लाख क्विंटल की

**किल्लत**

**सोनीपत, झज्जर, फतेहाबाद, हिसार और रोहतक समेत कई दिनों में डीएपी की भारी किल्लत है**

आवश्यकता है, लेकिन अभी तक मात्र 55,000 क्विंटल ही स्टॉक पहुंचा है। हिसार में तो पिछले 15 दिन से डीएपी की आपूर्ति ही नहीं हुई, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब से बीजेपी सत्ता में आई है, वो ना किसानों को एमएसपी दे पाई, ना उचित मुआवजा और ना ही समय पर खाद व बीज।

# मॉनसून से पहले के एम पी एक्सप्रेसवे के दोनों ओर होगा पौधारोपण: राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पेड़ लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए और इस मानसून से पहले एचएसआईआईडीसी एक ठोस कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे, लेकिन इनकी देखभाल, सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह एचएसआईआईडीसी की होगी,

**प्रक्रिया**

**कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पेड़ लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए**

और इन पौधों पर वन विभाग का मालिकाना हक नहीं रहेगा। राव नरबीर सिंह आगामी वन महोत्सव को लेकर आयोजित विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मानसून में राज्यभर में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 15 जुलाई को राज्यभर में एक साथ मास पौधारोपण किया जाएगा। यह अभियान सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, नदियों के किनारे और पंचायत भूमि पर चलेगा। इसमें एनजीओ, सामाजिक संस्थान, औद्योगिक घरानों का सहयोग लिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर पौधारोपण का जिम्मा उद्योगों को सौंपा जाएगा और इन स्थानों पर संबंधित कंपनी की पट्टिका लगाई जाएगी।

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण आज

**चंडीगढ़** : उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार में एक लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा।

# सीईटी परीक्षा की तिथि तय करने के लिए मुख्य सचिव ने किया मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में ग्रुप-सी के कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन और फीस जमा होने के बाद सरकार परीक्षा की तैयारियों में जुट गई है। सरकार जल्द ही परीक्षा तिथि करने की तैयारी में है। इसके लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी जिलों के डीसी के साथ गुरुवार को मीटिंग बुलाई , जिसमें मंथन किया गया। सभी सेंटरों की सीआईडी से भी रिपोर्ट मांगी गई है, जिससे सेंटरों की सही तस्वीर सामने आएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर सेंटरों की संख्या कम या ज्यादा की जाएगी।
अभी संभावना जताई जा रही है कि जुलाई के दूसरे सप्ताह में सीईटी परीक्षा की तिथि घोषित कर दी जाए। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से सीईटी के लिए 2300 से ज्यादा सेंटरों की सूची तैयार की गई है। इन सेंटरों में चार पारी में परीक्षा हो सकती है। सरकार चाहती है कि सी ई टी पूरी तरह से पारदर्शी हो। इसे लेकर हर परीक्षा केंद्र में कैमरे लगाए जाएंगे। यह प्रक्रिया परीक्षा से ठीक सात दिन पहले शुरू हो जाएगी। कैमरों का कंट्रोल रूम हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के कार्यालय में बनाया जाएगा। सीईटी के लिए इस बार 13.48 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया

**तैयारी**

**रजिस्ट्रेशन और फीस जमा होने के बाद सरकार परीक्षा की तैयारियों में जुट गई है**

है। हरियाणा सीईटी का पेपर सीनियर सेकेंडरी यानी 12वीं के स्तर का होगा। हालांकि अंग्रेजी और हिंदी विषय का स्तर मैट्रिक यानी 10वीं के लेवल का होगा। परीक्षा ओ एम आर शीट पर होगी। यह सीट परीक्षा केंद्र में स्टाफ सिलेक्शन कमीशन हरियाणा देगा। इसमें सही विकल्प चुनकर गोले भरने होंगे। ये परीक्षा कंप्यूटर पर नहीं होगी। सीईटी का पेपर हिंदी और अंग्रेजी यानी 2 भाषाओं में होगा। पेपर में 100 सवाल होंगे। हर सवाल के 4 विकल्प होंगे। इनमें से ओ एम आर सीट पर सही विकल्प वाले नंबर पर गोला लगाना होगा। हर सवाल का जवाब देना अनिवार्य होगा। गलत जवाब होने पर नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। अगर कोई जवाब नहीं देना चाहता तो उसे 5वां गोले या बबल पर निशान लगाना होगा। अगर ऐसा नहीं किया और किसी सवाल का उत्तर खाली छोड़ा तो 1 नंबर कटेगा।

# मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा : कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर।** भाजपा सरकार के 11 साल के संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जगाधरी शहर के विभिन्न वार्डो में कार्यक्रम किए। उनका भव्य स्वागत हुआ। जगाधरी शहर के वार्ड नंबर एक में गुरुवार को नागरिकों को सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया



है। इसी प्रकार से प्रत्येक घर में शौचालय बनवाने का काम किया है, जिससे विशेष कर गरीब महिलाओं को बहुत ही राहत मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में ही डीएपी खाद बनाने के कारखाना लगाने का निर्णय लिया जबकि पहले डीएपी खाद विदेश से ही आती थी। उन्होंने कहा कि खेती की जोत कम होने के चलते प्रधानमंत्री ने किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में आर्थिक सहायता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भाजपा सरकार के शासनकाल में चौमुखी विकास हुआ है। आज देश के हर राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रदेशों में सड़कों का जाल, हवाई अड्डे, अस्पताल और आईआईटी जैसे संस्थानों का निर्माण हुआ है। वहीं देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन है कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना है और इसके लिए सभी प्रदेश की सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में विकास की गति दी है।

# योग साधकों के लिए थीम पार्क व अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में रहेगी पार्किंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र में 21 जून 2025 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में लाखों योग साधक पहुंचेंगें। जिसको मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा को देखते हुए योग दिवस पर आने वाले वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जानकारी देते हुए श्री नीतीश अग्रवाल ने बताया कि 21 जून 2025 को ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में आने वाले वाहन चालकों के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनाज मंडी कुरुक्षेत्र, केशव पार्क, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पार्किंग निर्धारित की गई है। योग दिवस पर पार्किंग वयवस्था इस प्रकार है।



1. चंडीगढ़, पंचकूला, अम्बाला, शाहबाद, यमुनानगर की तरफ से आने वाले वाहन सैक्टर-2/3 कट से केडीबी रोड से होते हुए बीआर इंटरनेशनल चौंक से अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में पार्क होंगे जहां से यात्री पैदल ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचगे।
2. दिल्ली. करनाल, पानीपत की तरफ से आने वाले वाहन उमरी चौंक से उमरी रोड, केडीबी रोड से होते हुए बीआर इंटरनैशनल चौंक से अनाज मंडी कुरुक्षेत्र में पार्क होंगे जहां से यात्री पैदल ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचगे।
3. हिसार, कैथल, जींद, पेहवा की तरफ से आने वाले वाहन थर्ड गेट से होते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सैकिंड गेट से विश्वविद्यालय में प्रवेश करके यूनिवर्सिटी कॉलेज के सामने पार्किंग, आडिटोरियम पार्किंग और पुराने लॉ कॉलेज की पार्किंग में वाहन खड़ा करके यूनिवर्सिटी के छोटे गेट से पैदल ब्रह्मसरोवर योग कार्यक्रम में पहुंचगे।

# नई शिक्षा नीति-2020 से होगा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास: सुधीर

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई की तरफ से इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई की तरफ से इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 45 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराना और इसे शिक्षण पद्धति में प्रभावी रूप से शामिल करने के तरीके समझाना था। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दीप प्रज्ज्वलित कर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। सुधीर



जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इस शिक्षा नीति के तहत बच्चों के कौशल को विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों को सक्षम बनाना है। इस मौके पर सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन सुमित कुंडू ने टीचरों को नई शिक्षा नीति-2020 के विविध पहलुओं से अवगत करवाया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।
सुधीर जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 भारत के शिक्षा परिदृश्य में एक मील का पत्थर है, जो परिवर्तन और नवाचार के एक नए युग की शुरूआत करती है। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षण को अधिक समावेशी, व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनाने पर केंद्रित है। नई शिक्षा नीति बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देती है। सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन सुमित कुंडू ने इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान शिक्षकों को नई शिक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया, बहुभाषी शिक्षा और कौशल विकास जैसे विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 के चार पिलर इक्विटी, क्वालिटी, एक्सेसिबिलिटी व अकाउंटेबिलिटी के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि नई नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्री स्कूल से लेकर हाई स्कूल तक सभी बच्चों को शिक्षा तक पहुंच मिले। इसका लक्ष्य 2030 तक हर बच्चे को स्कूल में लाना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि बच्चे शुरू से ही बुनियादी पढ़ना, लिखना और गणित कौशल सीखें।

# आयुष विभाग द्वारा 146 गांवों में निकाली गई योग जागरण यात्राः डा. सतपाल

**योग दिवस**

**हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय योग कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एवं नगराधीश मोनिका के दिशा निर्देशन में जिला में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।

योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज ने बताया कि वीरवार को आयुष विभाग के आदेश अनुसार आयुष योग सहायकों ने अपनी अपनी व्यायामशाला एवं निकटवर्ती पांच स्थानों सहित कुल 146 गांवों में योग जागरण यात्रा निकाली, जिसमें लगभग 3650 प्रतिभागी शामिल हुए। आयुष विभाग द्वारा जिला के सभी ब्लॉकों में घरौंडा, मुनक, निसिंग, असंध, नीलोखेड़ी, इंद्री, कुंजपुरा तथा करनाल में आयुष योग सहायकों द्वारा विभिन्न गाँवों में योग जागरण यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि इन योग जागरण यात्रा में ग्रामीणों ने तथा सरपंच एवं मेंबरों ने बढ़ चढकर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि यह यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी तथा यात्रा में योग करो, निरोग रहो, हर घर योग, घर-घर योग, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा, अबकी बार हरित योग के नारे लगाए गए तथा आयुष योग सहायकों ने सभी ग्रामीणों को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग लेने तथा योग को नियमित रूप से करने की प्रेरणा दी।

आयुष विभाग करनाल के ब्लॉक इंचार्ज डॉ.नितिन रोहिला ने बताया कि आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के लिए आयुष विभाग द्वारा सभी ब्लॉकों में 20 जून को पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पायलट रिहर्सल अनाज मंडी करनाल में आयोजित की जाएगी।

## शराब ठेका चलाने के लिए मांगी रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में ठेके से लौट रहे युवक और उसके चाचा पर रास्ते में तलवार और गंडासों से जानलेवा हमला किया गया।
आरोप है कि हमलावरों ने बोलेरो गाड़ी रुकवाकर एक लाख रुपए महीना मंथली मांगी और विरोध करने पर हमला कर दिया। पीड़ित क ी शिकायत पर पुलिने चार लोगों के खिलाफ थाना घरौंडा में मामला दर्ज कर लिया है।
अराइपुरा के पीड़ित मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 17 जून की शाम को वह अपने चाचा पप्पू के साथ बोलेरो गाड़ी में सवार होकर जडौली ठेके से लौट रहे थे। जैसे ही वह चौरा ऑफिस की ओर बढ़े, तभी गांव पनौड़ी के रहने वाले दो युवकों ने उनकी गाड़ी रुकवा दी। गाड़ी रुकते ही दोनों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया कि अगर गांव पनौड़ी में शराब का ठेका चलाना है, तो हर महीने उन्हें एक लाख रुपए देने होंगे।
मोहित के मुताबिक जब उन्होंने और उनके चाचा ने मांग का विरोध किया, तो आरोपियों ने तलवार और गंडासे से हमला कर दिया।

# आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर किया जागरूक

**अभियान**

**नशे की लत न केवल व्यक्तिगत बल्कि यह समाज के लिए गंभीर समस्या है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पुलिस ने वीरवार को बराना गांव स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।
पुलिस टीम द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही यह भविष्य को भी खतरे में डालता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं।
विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं।
युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें।
इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।
नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ ह्लनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व अभियान शुरू किया गया है।
पुलिस अधीक्षक श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने जिले में अभियान के सफल आयोजन के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को विशेष दिशा निर्देश दिए है। पुलिस टीमों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के क्रार्यक्रम आयोजित कर जिसमे नशीली दवाओं व नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों व दुष्प्रभाव बारे जानकारी देकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल ने अफीम तस्कर को किया काबू, आरोपी पुलिस रिमांड पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/ 19 जून मैनपालः-** हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे अभियान को मजबूती देने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस के उच्च अधिकारियों के दिशा निदेशों के तहत सभा क्राइम ब्रांच और थाना-चौकी स्तर की टीमें लगातार ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। इसी कड़ी में एंटी नारकोटिक्स सेल पंचकूला की टीम ने एक नशा तस्कर को अफीम सहित गिरफ्तार किया है।
पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक रायपुर रानी क्षेत्र के त्रिलोकपुर मोड़ की तरफ से खटोली मोड़ पर अफीम बेचने आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज की अगुवाई में एंटी नारकोटिक्स सेल के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर प्रवीण व उनकी टीम द्वारा




तुरंत बताए गए स्थान पर छापेमारी की गई। मौके से एक युवक को काबू किया गया।
पूछताछ में युवक की पहचान कन्हैया लाल पुत्र मेवा राम निवासी गांव नबीपुर, जिला अंबाला, उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से कुल 149 ग्राम अफीम बरामद हुई।
प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी यह अफीम अंबाला से लाकर रायपुर रानी क्षेत्र में बेचने के इरादे से आया था।
इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना रायपुर रानी में एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 के तहत अभियोग अंकित किया गया है।
आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जाएगी, जिसमें यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि वह यह अफीम किससे प्राप्त करता था, और रायपुररानी में किसे सप्लाई करने आया था और इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं।
पंचकूला पुलिस आमजन से अपील करती है कि नशे के खिलाफ इस जंग में पुलिस का सहयोग करें और समाज को नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। यदि किसी को नशा तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होती है तो वह पंचकूला पुलिस द्वारा जारी ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर 7087081100 या 7087081048 पर तुरंत संपर्क करें।

## सांप के काटने से बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के समौरा गांव में कोबरा सांप के डसने से एक 5 साल के बच्चे की मौत हो गई।
बच्चा रात को घर पर अपने अन्य दो भाई-बहनों के साथ घर पर सो रहा था। जब बच्चे की हालत बिगड़ी तो उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
जहरीले सांप की जानकारी स्नैकमैन को दी गई। जिसके बाद स्नैकमैन मौके पर पहुंचे। हालांकि स्नैकमेन के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने सांप को पकड़ लिया था। इसके बाद स्नैकमैन ने सर्च ऑप्रेशन चलाया, ताकि कोई अन्य जहरीला सांप कमरे के अंदर न हो। मृतक बच्चे की पहचान अयान के रूप में हुई है। बीती रात को बैड पर तीन बच्चे सो रहे थे, जिनमें से एक अयान भी था। अयान को रात के समय कोबरा सांप ने काट लिया।

## थाना प्रभारी ने की पीस कमेटी सदस्यों के साथ बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी) :** थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार और सामाजिक समरसता बनाए रखने को लेकर गहन चर्चा की गई।
बैठक में पीस कमेटी सदस्यों ने क्षेत्र में बढ़ते नशाखोरी के मामलों पर चिंता जताते हुए नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं, यह भी कहा कि ऐसे तस्करों की जमानत कराने वाले लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाएं, ताकि समाज को सच का पता चल सके।
इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह ने कहा कि बिना नंबर की बाइक, चेहरा ढक कर वाहन चलाने



वाले, और बाइकों से पटाखे बजाने जैसे शरारती कार्यों में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने बताया कि शहर के दोनों प्रमुख पार्कों में सुबह और शाम को पुलिस गश्त की जाएगी, ताकि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। इस अवसर पर पीस कमेटी सदस्यों सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्पतरु लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 24 जून, 2025 को खुलेगा

**नोएडा।** महाराष्ट्र के मुंबई महानगर क्षेत्र की एक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर और MMR के सभी माइक्रो-मार्केट्स में मौजूद कल्पतरु लिमिटेड (कंपनी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम मंगलवार, 24 जून, 2025 को खुलेगा। एंकर निवेशक बोली तिथि, बोली/इश्यू आरंभ तिथि से एक कार्य दिवस पहले, यानी सोमवार, 23 जून, 2025 को होगी। बोली/इश्यू समाप्ति तिथि गुरुवार, 26 जून, 2025 को होगी। इश्यू का प्राइस बैंड रु387 से रु414 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 36 इक्विटी शेयरों और इसके गुणक में बोलियां लगाई जा सकती हैं। यह इश्यू नए इक्विटी शेयरों के निर्गम का है, जिसका कुल मूल्य रु15,900 मिलियन (रु1,590 करोड़) तक है (नया इश्यू)।
कंपनी इस निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी व उसकी सहायक कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ उधारों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान तथा सामान्य कॉर्पोरेट प्रयोजनों के लिए करना चाहती है। यह इश्यू, सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स (रेगुलेशन) रूल्स, 1957 के नियम 19(2)(बी) के अनुसार, संशोधित (एससीआरआर) सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 31 के साथ और सेबी आईसीडीआर रेगुलेशन के रेगुलेशन 6(2) के अनुपालन में बुक बिल्डिंग प्रोसेस के जरिए किया जा रहा है। इसमें नेट इश्यू का कम से कम 75% हिस्सा आनुपातिक आधार पर योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी, और ऐसा हिस्सा, क्यूआईबी पोर्शन") को आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि हमारी कंपनी बीआरएलएम के परामर्श से विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी पोर्शन का 60% तक आवंटित कर सकती है (एंकर निवेशक पोर्शन)। एंकर निवेशक पोर्शन का एक तिहाई हिस्सा घरेलू म्यूचुअल फंड्स के लिए आरक्षित रहेगा एंकर निवेशक हिस्से में कम सब्सक्रिप्शन या गैर-आवंटन की स्थिति में, शेष इक्विटी शेयरों को क्यूआईबी हिस्से (एंकर निवेशक हिस्से के अलावा) (नेट क्यूआईबी हिस्सा) में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5% हिस्सा केवल म्यूचुअल फंड को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा म्यूचुअल फंड सहित सभी क्यूआईबी बोलीदाताओं को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते कि वैध बोलियां इश्यू मूल्य पर या उससे ऊपर प्राप्त हों।

### टाटा मोटर्स ने लखनऊ और रायपुर में एडवांस्ड रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी रिवायर का शुभारंभ किया

**गाजियाबाद।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी और सर्कुलर इकॉनमी को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम उठाया है। कंपनी ने लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और रायपुर (छत्तीसगढ़) में दो नई, अत्याधुनिक रिवायर-रिसाइकल विद रिस्पेक्ट' वाहन स्क्रैपिंग यूनिट्स की शुरूआत की है। इन फैसिलिटीज का उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल रूप से किया। यह केंद्र सभी तरह के पुराने वाहनों—चाहे वो पैसेंजर कार हों, कमर्शियल व्हीकल्स, टू-व्हीलर या थ्री-व्हीलर—को सुरक्षित और ज़िम्मेदारी से स्क्रैप करने के लिए बनाए गए हैं। इस खास मौके पर, माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा, मुझे लखनऊ और रायपुर में दो वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। ये आधुनिक केंद्र राष्ट्रीय वाहन स्क्रै पेज नीति के तहत एक बड़ा कदम हैं, जो लोगों को प्रोत्साहन देकर स्वच्छ और ईंधन-बचत वाले वाहनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं। ये सुविधाएं पुराने वाहनों को सुरक्षित तरीके से तोड़ने और कीमती सामग्री को रीसाइक्लिंग के लिए इकट्ठा करने में अहम भूमिका निभाएंगी। मैं टाटा मोटर्स की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और देशभर में विश्वस्तरीय स्क्रैपिंग सुविधाएं बनाने के लिए उनकी तारीफ करता हूं। ऐसी पहल वाहन स्क्रैपिंग को आसान, तेज और प्रभावी बनाने के लिए जरूरी हैं, जो देश में एक मजबूत व्यवस्था बनाने में मदद करेंगी। रायपुर आरवीएसएफ का संचालन टाटा मोटर्स के पार्टनर रायपुर ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

## वॉलमार्ट वृद्धि ने 2028 तक 1,00,000 अतिरिक्त एमएसएमई के विकास को गति देने के लिए की साझेदारी

**गुरुग्राम।** वॉलमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वॉलमार्ट वृद्धि ने अगले तीन साल में भारत में 1,00,000 अतिरिक्त एमएसएमई को सशक्त करने के लिए आइडियाज टु इम्पैक्ट (आई2आई) फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। ग्लोबल सप्लाई चेन में वॉलमार्ट की विशेषज्ञता की ताकत और भारत में फ्लिपकार्ट की ई-कॉमर्स क्षमताओं को साथ लाते हुए शुरू किया गया वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ज्यादा से ज्यादा एमएसएमई को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा। 2019 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से वॉलमार्ट वृद्धि ने अब तक 70,000 से अधिक एमएसएमई को डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच व पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप प्रदान करते हुए और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से प्रशिक्षित किया है। बिजनेस मैनेजमेंट के महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे फाइनेंस, मार्केटिंग, वर्कफोर्स मैनेजमेंट और पर्यावरण संरक्षण के मामले में एमएसएमई को प्रशिक्षित करने के लिए डिजिटल टूल्स का प्रयोग करते हुए यह प्रोग्राम उद्यमियों को सफल एवं सतत बिजनेस मॉडल स्थापित करने में सक्षम बनाता है। वॉलमार्ट वृद्धि से प्रशिक्षित उद्यमों ने इसके माध्यम से सालाना करीब 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसका हिस्सा बनने वाले एमएसएमई को वॉलमार्ट, फ्लिपकार्ट और प्रोग्राम को क्रियान्वित करने वाले पार्टनर आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन द्वारा तैयार एप्रोच के जरिये सुगम पहुंच, विस्तार एवं प्रोग्राम मैनेजमेंट विशेषज्ञता से फायदा मिलता है।
वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, कई सूक्ष्म उद्यमों को विकास के लिए जरूरी जानकारी, टूल्स एवं बाजार तक पहुंच के मामले में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, सीवर लाइन और मकान गिराए

**कार्रवाई**

**तेजी से पनप रहीं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में तेजी से पनप रहीं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया। मेहता फार्म के नजदीक बनाई जा रही एक अवैध कॉलोनी में जेसीबी की मदद से तोडफोड़ की गई।
प्रशासन की टीम ने कॉलोनी में बनी सडकों, सीवर लाइन और एक नवनिर्मित मकान का बड़ा हिस्सा गिरा दिया। इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों के साथ-साथ प्लॉट व मकान मालिकों में हडकंप मच गया। मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।
जैसे ही तोडफोड़ शुरू हुई, कॉलोनी में रहने और मकान बनवाने वाले लोग अधिकारियों के सामने हाथ जोड़ते नजर आए। लोगों ने अपने मकान बचाने की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि बिना मंजूरी कोई भी निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक नवनिर्मित मकान का जब पीछे का बड़ा हिस्सा जेसीबी से तोड़ा गया तो मालिक ने कॉलोनी संबंधी परमिशन के लिए अप्लाई किया हुआ लेटर अधिकारियों को दिखाया। इस पर तत्काल तोडफोड़ की कार्रवाई को रोका गया।
डिपार्टमेंट ऑफ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (डीटीपी) अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियों को किसी भी हालत में विकसित नहीं होने दिया जाएगा। यह साफ संदेश है कि लोग किसी झांसे में न आएं और अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदकर अपनी जिंदगीभर की पूंजी बर्बाद न करें।
डीटीपी ने कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट बेचने वाले कॉलोनाइजर प्लॉट बेचकर फरार हो जाते हैं और बाद में प्लॉट खरीदने वालों को कानूनी कार्रवाई और सुविधाओं के अभाव में नुकसान उठाना पड़ता है। विभाग की ओर से लगातार इस तरह की कॉलोनियों पर नजर रखी जा रही है और अभियान आगे भी जारी रहेगा।
प्रशासन ने आम लोगों को चेतावनी दी है कि वह कॉलोनी खरीदने से पहले संबंधित विभाग से उसकी मंजूरी की जांच अवश्य कर लें। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद आसपास की अन्य अवैध कॉलोनियों में भी खलबली मच गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अप्रूवड नक्शा और डीटीपी की मंजूरी के कोई भी निर्माण कार्य गैरकानूनी है। यदि फिर भी किसी ने निर्माण किया तो उसे गिरा दिया जाएगा और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बाप-बेटे पर कस्सी और कटर से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव गढ़ी भरल में खेत की मेड़ काटने से रोकने पर किसान और उसके पिता पर कस्सीए लाठी-डंडों और लोहे के कटर से जानलेवा हमला कर दिया गया। घायल किसान ने घरौंडा थाने में चार लोगों के खिलाफ शिकायत दी है। किसान का आरोप है कि हमलावरों ने ललकार कर कहा कि साले को जान से मार दो और फिर एकत्रित होकर सिर व शरीर पर वार किए। गांव राणा माजरा के मुस्तकीम ने शिकायत में बताया कि वह 15 जून की शाम करीब 6 बजे खेत में पहुंचाए तो उसने देखा कि मुस्तफा, तसव्वर और मुर्तजा पुत्र अलीशान और अलीशान पुत्र मोहम्मद खेत की डोल (मेड़) को कस्सी से काट रहे थे। जब उसने विरोध किया।
शिकायत के मुताबिक अलीशान के ललकारने पर मुर्तजा ने अपने हाथ में लिए कस्सी की मुंड से मुस्तकीम के सिर पर जानलेवा वार किया, जबकि मुस्तफा और तसव्वर ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। वह बुरी तरह घायल हो गया। शोर सुनकर मुस्तकीम के पिता भी खेत की ओर दौड़े और बीच-बचाव करने लगे, लेकिन हमलावर नहीं रुके। पीड़ित ने बताया कि जब उसके पिता उसे छुड़ाने आए तो मुस्तफा ने उनके ऊपर भी डंडे और लोहे के कटर से वार किया। जैसे-जैसे यह झगड़ा बढ़ता गया, सडक किनारे ग्रामीण इक्ा होने लगे। स्थिति बिगड़ती देख चारों आरोपी अपने-अपने हथियारों के साथ मौके से फरार हो गए।
हमले के बाद मुस्तकीम और उसके पिता गांव वालों के साथ सरकारी अस्पताल घरौंडा पहुंचे और अपना इलाज करवाया। वहीं से उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दी और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।
घरौंडा थाना में जांच अधिकारी पीएसआई रवि ने बताया कि गांव गढ़ीभरल में किसान पर हमले का मामला सामने आया है, शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# करंट लगने से किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के घीड़ गांव में खेतों में बनी डेयरी पर काम करते समय करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। किसान टुल्लू पंप से पानी निकाल रहा था। उसी दौरान बिजली का झटका लगा और वह मौके पर ही गिर पड़ा। जब परिजन खेत पर पहुंचे तो वह बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मृतक की पहचान घीड़ निवासी 51 वर्षीय डॉ. रामभूषण के रूप में हुई है। उन्होंने अपने खेतों में ही डेयरी बना रखी थी, जहां पर उन्होंने गाय रखी हुई थी। बुधवार को भी वे डेयरी पर गए हुए थे और वहां काम कर रहे थे। परिजन विनोद के अनुसार वह टुल्लू पंप से पानी निकाल रहे थे, तभी अचानक उन्हें तेज करंट का झटका लगा और वे मौके पर ही गिर पड़े। खेत में उस समय कोई और नहीं था, जिस कारण परिजनों को तुरंत जानकारी नहीं मिल पाई।
परिजनों ने बताया कि काफी देर तक जब वे घर नहीं पहुंचे तो परिजन खेत में डेयरी पर पहुंचे। वहां देखा तो रामभूषण जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़े थे। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के अनुसार टुल्लू पंप में पहले से करंट आ रहा था, लेकिन किसी को इस बारे में जानकारी नहीं थी। किस वक्त करंट लगा, यह भी साफ नहीं है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में रादौर से सैकड़ों योग साधक होंगे शामिल

**रादौर (कुलदीप सैनी) :** 21 जून को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में रादौर खंड से भी सैकड़ों लोग भाग लेंगे। इस बारे आज रादौर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पतंजलि योग समिति रादौर के तहसील प्रभारी व हरियाणा योग आयोग के जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित कांबोज, जगमाल सिंह रतनगढ़ और गुरदयाल सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार का राज्य स्तरीय योग दिवस बेहद खास होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब



सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि योग गुरु स्वामी रामदेव हजारों योग साधकों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराएंगे। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में प्रदेशभर से लगभग एक लाख लोगों के शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रादौर सहित यमुनानगर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। हर गांव और क्षेत्र के लिए बस प्रभारी व सह प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

## संपादकीय

# ज्ञान के आलोक से मनुष्य:त और वात्सल्य की भावना


**मनुष्य** के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करती है। ज्ञान की उत्कंठा, तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निदेशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'।

# श्रम शक्ति के समक्ष बढ़ते तापमान का संकट

डॉ. आशीष वशिष्ठ

> "बहरहाल बीते कई वर्षों से प्रशासन ने मौसम की चरम स्थितियों में नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मसलन-ऐसे तपतपाए दिनों में दोपहर 12.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुले में काम कराने पर रोक लगाई गई है। कामगारों के लिए छायादार जगह और ठंडा पेयजल भी होना अनिवार्य है। महानगरों और बड़े शहरों में बिजली की आपूर्ति पहले की अपेक्षा सुधरी है, लिहाजा काम करने की जगह भी पंखे की मौजूदगी होने लगी है, लेकिन गांव-कस्बों में अब भी घंटों बिजली के कट लगाए जा रहे हैं, वहां आम आदमी और कामगार दोनों ही परेशान हैं।"

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन यानी आईएलओ की एक रिपोर्ट, 'कार्यस्थल पर गर्मी: सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए निहितार्थ' में पाया गया है कि गर्मी एक मूक हत्यारा है जो दुनिया भर में बढ़ती संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य और जीवन के लिए खतरा बन रही है। भारत मई से ही हीटवेव का सामना कर रहा है। उत्तर भारत के कई राज्यों में अधिकतम तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। ऐसा लग रहा है मानो आग बरस रही हो! मानवीय गतिविधियों के कारण होने वाली ग्लोबल वार्मिंग प्रति दशक 0.26 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रही है। शहरों में जब लोग एसी के रिमोट से टेंपरेचर ऊपर-नीचे कर रहे होते हैं, उसी दौरान मजदूर कहीं खेत या किसी घर की दीवारों की ईंट उठाते हुए पसीना बहा रहे होते हैं। इस धधकते, तपते मौसम में औद्योगिक, निर्माण से लेकर रेस्तराओं और गोदामों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य करना आसान नहीं है। हालांकि सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए है। देश की करीब 90 फीसदी श्रम शक्ति अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी है। ज्यादातर मामलों में इन श्रमिकों को चिलचिलाती धूप, बारिश, आंधी-तूफान के बीच खुले में काम करना पड़ता है। उनके लिए न तो पर्याप्त सुविधाएं हैं और न ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। ऐसे में इन किसानों, श्रमिकों को हर दिन अपना और अपने परिवार का पेट भरने के लिए खतरों से दो-चार होना पड़ता है। थिंक टैंक काउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरनमेंट एंड वाटर यानी सीईईडब्ल्यू ने मई 2025 में एक स्टडी प्रकाशित की, जिससे पता चलता है कि भारत के 57 फीसदी ज़िले, जिनमें देश की लगभग 76 फीसदी आबादी रहती है, मौजूदा समय में भयानक गर्मी की चपेट में हैं। 'लेबरिंग थ्रू द क्लाइमेट क्राइसिस' नाम से एक रिपोर्ट वर्कर्स कलेक्टिव फॉर क्लाइमेट जस्टिस - साउथ एशिया और ग्रीनपीस इंडिया ने तैयार की है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की गर्मी से जुड़ी चिंताओं पर रोशनी डालती है। इसमें अनुमान लगाया गया है कि तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की आमदनी में 19 फीसदी की कमी आती है और भीषण गर्मी उन्हें कठिन विकल्पों में से चुनाव करने को मजबूर करती है। यानी या तो वो खुद को सुरक्षित करने का जतन करें या आजीविका कमाएं। इस रिपोर्ट में ये भी रेखांकित किया



गया है कि गर्मी सिर्फ.आजीविका पर ही असर नहीं डालती बल्कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। वन अर्थ द्वारा 2022 में 68 देशों में किए गए अध्ययन जिसका शीर्षक राइजिंग टेम्परेचर इरोड ह्यूमन स्लीप है, के अनुसार विश्व स्तर पर लोगों की नींद प्रभावित हुई, जिससे पता चला है कि गर्म तापमान की वजह से लोग कम नींद ले पाते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और कम आय वाले देशों के लोग इससे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। 2099 तक, बढ़ता तापमान एक साल में प्रति व्यक्ति की 50-58 घंटे की नींद कम कर सकता है। गर्मी की वजह से मजदूर दिन भर काम नहीं कर पा रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से लोगों का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। आइएलओ की 2019 की रिपोर्ट 'वर्किंग ऑन ए वार्मर प्लेनेटझ्द इम्पैक्ट ऑफ हीट स्ट्रेस ऑन लेबर प्रोडक्टिविटी एंड डिसेंट वर्क' में चेतावनी दी गई है कि भारत में हीट स्ट्रेस के कारण 2030 में 5.8 प्रतिशत काम के घंटे कम होने की उम्मीद है। अपनी बड़ी आबादी के चलते देश 2030 में 3.4 करोड़ लोगों को अपनी नौकरियां खोनी पड़ सकती हैं। विश्व बैंक की 2022 की एक और रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2030 तक, पूरे भारत में सालाना 16 से 20 करोड़ से ज्यादा लोगों के घातक गर्मी की चपेट में आने की संभावना है। अध्ययन बताते हैं कि भारत में 2000-2004 और 2017-2021 के बीच भीषण गर्मी के कारण होने वाली मौतों में 55 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। गर्मी की चपेट में आने से 2021 में भारतीयों के बीच 167.2 बिलियन संभावित श्रम घंटे का नुकसान हुआ। इसकी वजह से देश की जीडीपी के लगभग 5.4 प्रतिशत के बराबर आय का नुकसान हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय शहर जलवायु पैटर्न में होने वाली तब्दीलियों के प्रति तेजी से संवेदनशील होते जा रहे हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को बड़ा खतरा है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामासुब्रह्मण्यन ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण होने वाली मौतों की रपट का संज्ञान ले और राज्यों को निर्देश दे। जलवायु परिवर्तन और बढ़ता तापमान एक ऐसी सच्चाई है जिसे आज चाह कर भी झुठलाया नहीं जा सकता। देखा जाए तो यह बढ़ता तापमान उन मेहनतकश लोगों का कहीं ज्यादा इम्तिहान ले रहा है जो कड़ी धूप और खुले आकाश तले पसीना बहाने को मजबूर हैं। इसकी पुष्टि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने अपनी नई रिपोर्टह्यइंश्योरिंग सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क इन चेंजिंग क्लाइमेट में भी की है। रिपोर्ट का कहना है कि अपने जीवन में काम के दौरान किसी न किसी मोड़ पर 241 करोड़ श्रमिकों को भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर होना पड़ेगा। इसका मतलब है कि दुनिया के 71 फीसदी श्रमिक या तो बढ़ते तापमान की वजह से गर्मी की मार झेल रहे हैं या उन्हें अपने काम के दौरान कभी न कभी इसका सामना करना पड़ेगा।

एनसीआरबी की रपट के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण देश में 3798 लोगों की मौतें हुईं। मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को जारी पत्र में लिखा है कि गर्मी और लू की लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यानी एनडीएमए के दिशा-निर्देशों का प्रभावी तौर पर पालन करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। बहरहाल बीते कई वर्षों से प्रशासन ने मौसम की चरम स्थितियों में नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मसलन-ऐसे तपतपाए दिनों में दोपहर 12.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुले में काम कराने पर रोक लगाई गई है। कामगारों के लिए छायादार जगह और ठंडा पेयजल भी होना अनिवार्य है। महानगरों और बड़े शहरों में बिजली की आपूर्ति पहले की अपेक्षा सुधरी है, लिहाजा काम करने की जगह भी पंखे की मौजूदगी होने लगी है, लेकिन गांव-कस्बों में अब भी घंटों बिजली के कट लगाए जा रहे हैं, वहां आम आदमी और कामगार दोनों ही परेशान हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुताबिक, "अगर कोई एक चीज है जो हमारी विभाजित दुनिया को एकजुट करती है, तो वह यह है कि हम सभी को गर्मी का एहसास हो रहा है। पृथ्वी हर जगह, हर किसी के लिए गर्म और अधिक खतरनाक होती जा रही है।

## कविता

### जब जरूरत पड़ी दुआओं की।

शान बढ़ जाती है वफाओं की
देख कर नाजुकी अदाओं की।

जल रहा चराग तूफान में भी
उसे ताकत मिली हवाओं की।

आई याद मां के स्नेहिल प्यार की
जब-जब जरूरत पड़ी दुआओं की।

गर्म तासीर खूब देखी जमाने की
और ठंडी तासीर तेरी सदाओं की।

परिंदों ने चुपके कही दास्तां कानों में
पंखों से नहीं उड़ान ऊंची हौसलों की।

जब रहा सर पर साया मां का संजीव
जरूरत नहीं पड़ी कभी दवाओं की।

संजीव

# नया इंदौर नहीं नया ग्वालियर बसाए मप्र सरकार

**मप्र** सरकार प्रदेश के पुराने शहरों का उन्ननयन करने के बजाय एक नया शहर बसाने जा रही है. जबकि चार दशक पहले प्रदेश में इसी तरह की एक महत्वाकांक्षी योजना पूरी तरह नाकाम हो चुकी है. खबर है कि मप्र की यादव सरकार इंदौर सहित पांच जिलों को मिलाकर एक नया शहर बनाने का सपना साकार करना चाती है.बनाए जा रहे इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन (आइएमआर) को सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब उसे आकार देने का काम चल रहा है जिसमें किस क्षेत्र में क्या विकसित किया जाएगा जिस पर मंथन चल रहा है। ये फॉमूर्ला तय हो गया है कि रीजन में 5 से 7 लाख आवादी के लिए सैटेलाइट टाउनशिप बनाई जाएगी। सर्वसुविधायुक्त आवास, मनोरंजन, स्कूल, अस्पताल, बाजार सहित सुविधाएं होंगी, ताकि लोग इंदौर या उज्जैन की तरफ न जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने इंदौर के राजबाड़ा में हुई कैबिनेट में इंदौर और भोपाल के मेट्रोपॉलिटन रीजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद रीजन की गतिविधियां तेज हो जाएंगी। इंदौर रीजन को लेकर आवासीय, औद्योगिक व पर्यावरण पर विशेष फोकस किया गया है। इंदौर रीजन के प्लान में इंदौर-उज्जैन और इंदौर-देवास के बीच नई सैटेलाइट टाउनशिप तैयार करने की योजना को आकार दिया जा रहा है। शुरूआत में एक, लेकिन रीजन में ऐसी पांच से सात टाउनशिप बनाने की संभावना रखी है।

मेट्रोपॉलिटन रीजन में इंदौर, उज्जैन, धार, देवास और शाजापुर की 29 तहसीलों के 1756 गांवों को मिलाकर इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन (आइएमआर) का प्लान तैयार किया गया है। कुल क्षेत्रफल 9336 वर्ग अ! किमी होगा। सैटेलाइट टाउन को दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जोड़ा गया है। बाद में रीजन को जोड़ने से अलग से सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जो इकोनॉमिक कॉरिडोर का काम करेंगी। इंदौर में एयरपोर्ट के विस्तार पर भी काम होगा तो उज्जैन व वेवास में हवाई पट्टी रखी जाएगी। मेट्रो ट्रेन को भी रीजन में जोड़ने का प्रयास होगा, ताकि लोक परिवहन का ज्यादा उपयोग हो। जिन जिलों के गांवों को जोड़कर बनेगा एक शहर उनमें इंदौर जिला का 3901.6 वर्ग किमी. क्षेत्र की तहसीलः बिचौली हप्सी, देपालपुर, गहू, हातीद, इंदौर, कनाड़िया, खुड़ैल मल्हारगंज, राऊ और सांवेर। के 690 गांव लिए जाएंगे.उज्जैन जिला का2740.5 वर्ग किमी क्षेत्र जिसमें तहसीलः बड़नगर, घट्टिया, खाचरौद, कोठी महल, नागदा, तराना, उज्जैन, उज्जैन नगर और उन्हेल के 512 गांव शामिल होंगे इस परियोजना में देवास जिला के 444 गांव, धार के 107 गांव और शाजापुर जिला के 3 गांव शामिल होंगे.

## विचार

# शरणार्थी: दर्द, दृढ़ता और दुनिया से उम्मीद

प्रो. आरके जैन

**जब** रात का सन्नाटा बमों की गड़गड़ाहट में बदल जाए, जब आपके बच्चों की हँसी डर के साये में दब जाए, और जब आपका घर सिर्फ.एक याद बनकर रह जाए, तब 'शरणार्थी' शब्द का वास्तविक अर्थ समझ आता है। यह सिर्फ.एक शब्द नहीं, बल्कि उन अनगिनत जिंदगियों का दर्दनाक सच है, जो युद्ध, हिंसा, उत्पीड़न या प्राकृतिक आपदाओं की वजह से अपनी जड़ों से उखड़कर अनिश्चितता के सागर में भटक रही हैं। 20 जून, विश्व शरणार्थी दिवस, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि मानवता के उस जख्म का प्रतीक है, जो तब तक नहीं भरेगा, जब तक हर इंसान को सम्मान और सुरक्षा के साथ जीने का हक न मिले। यह दिन हमें उन करोड़ों लोगों की पीड़ा, साहस और उम्मीद की कहानियों से जोड़ता है, जिन्हें दुनिया ने ' का लेबल दे दिया, लेकिन जिनके दिलों में अभी भी अपने परिवार, अपने सपनों और एक बेहतर कल की चाह बाकी है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (यूएनएचसीआर) के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.4 करोड़ से अधिक लोग जबरन विस्थापित हो चुके हैं। इनमें 3.2 करोड़ शरणार्थी हैं, जो अपने देश की सीमाओं को छोड़कर अन्य देशों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। इसके अलावा, 6.8 करोड़ लोग अपने ही देश में विस्थापित हैं, और लगभग 60 लाख लोग शरण माँगने की प्रक्रिया में हैं। ये आँकड़े केवल संख्याएँ नहीं, बल्कि उन माता-पिताओं की कहानियाँ हैं जो अपने बच्चों को गोद में लेकर युद्धग्रस्त इलाकों से भागे, उन युवाओं की हैं जिनके सपने बमबारी में दफन हो गए, और उन बच्चों की हैं जिन्हें स्कूल की जगह शरणार्थी शिविरों में बड़ा होना पड़ रहा है। सीरिया, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार और यूक्रेन जैसे देशों में चल रहे संघर्षों ने लाखों लोगों को बेघर कर दिया है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन भी एक नया संकट बनकर उभरा है, जिसने बांग्लादेश, मालदीव और अफ्रीका के कई हिस्सों में लोगों को अपनी जमीन छोड़ने के लिए मजबूर किया है। विश्व शरणार्थी दिवस की शुरूआत 2001 में यूएनएचसीआर द्वारा की गई थी, ताकि दुनिया का ध्यान उन लोगों की ओर जाए, जिन्हें न चाहते हुए भी अपने घर छोड़ने पड़े। इसका उद्देश्य न केवल इन लोगों के संघर्षों को पहचान देना है, बल्कि उन नीतियों और प्रयासों को बढ़ावा देना भी है, जो उनके जीवन को बेहतर बना सकें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शरणार्थी कोई बोझ नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिन्हें परिस्थितियों ने मजबूर किया है। कोई भी जन्म से शरणार्थी नहीं होता; यह एक ऐसी स्थिति है, जो युद्ध, अत्याचार या प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी इंसान पर थोप दी जाती है। फिर भी, समाज में अक्सर उन्हें संदेह की नजरों से देखा जाता है, उनके इरादों पर सवाल उठाए जाते हैं, और उनकी पीड़ा को नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह मानवता की विफलता का द्योतक है। दुनियाभर में कई देशों ने शरणार्थियों के प्रति उदारता और मानवता का परिचय दिया है। कनाडा ने 2023 तक 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को पुनर्वासित किया, जबकि जर्मनी ने सीरियाई और अफगान शरणार्थियों को न केवल आश्रय दिया, बल्कि उन्हें शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान किए। स्वीडन और युगांडा जैसे देश भी अपनी जनसंख्या के अनुपात में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपनाने के लिए जाने जाते हैं। भारत का इतिहास भी शरणार्थियों के प्रति करुणा से भरा है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान 1 करोड़ से अधिक शरणार्थियों को भारत ने शरण दी। तिब्बती समुदाय को धर्मशाला में नया घर मिला, और श्रीलंकाई तमिलों, अफगानों और रोहिंग्या शरणार्थियों को भी भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद आश्रय प्रदान किया। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत 'अतिथि देवो भव' का जीवंत उदाहरण है। हालांकि, आज वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। बढ़ता राष्ट्रवाद, आर्थिक संकट और सुरक्षा चिंताएँ शरणार्थियों के प्रति दृष्टिकोण को कठोर कर रही हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भौंकता है, पर काटता नहीं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बचपन में दादी कहती थीं-"बिटवा, भौंकता है, पर काटता नहीं, ऐसे ही कुत्ते से मत डरना!" लेकिन अब लगता है, दादी को शहर के बंगलों की जानकारी नहीं थी। वहाँ के कुत्ते पहले भौंकते हैं, फिर घूरते हैं, फिर काटते नहीं... लेकिन अस्पताल का रास्ता जरूर दिखा देते हैं। हमारी भी एक ऐसी ही मुलाकात थी एक बँगलेवाले कुत्ते से, जो 'हैलो' से पहले ही 'भौं-भौं' करता था और 'अलविदा' के समय 'गुर्र-गुर्र'। मानो कह रहा हो-'जा, जी ले अपनी ज़िंदगी!' मैंने कहा, 'भाई, तेरे मालिक की चाय पीने आया हूँ, तुझसे शादी थोड़ी करनी ' पर उसे मानो संविधान में संशोधन करना हो, हर आने-जाने वाले का बैरिकेटिंग चेकअप कर डालता। फाटक पर लिखा था-"बिवेर ऑफ डॉग"। पर मन में खटका-"डॉग के लिए लिखा है या मालिक के लिए?" क्योंकि दोनों एक जैसे दिखते थे-रौबदार, गुरार्ते हुए और जब देखो तब भौंकने को तैयार। जब मालिक ने दरवाजा खोला तो कुत्ता पहले झपटा, फिर पीछे हटा। शायद उसे मेरे चेहरे में नाथूराम दिखा हो। मैंने धीमे से कहा-"भाई, गोली नहीं लाया, बस दो बिस्कुट लाया हूँ।" मालिक ने हँसते हुए कहा, 'अरे डरो मत, ये तो बड़ा शरीफ है।' और मैं सोचने लगा-'शरीफ तो वो होते हैं जो भौंकते नहीं। ये शरीफ है या शहर का सीरियल किलर?' हमारी तीन दिन की मजबूरी थी उस बँगले में ठहरने की। रात को छत पर सोते हुए महसूस होता कि कोई लगातार घूर रहा है। नीचे देखा, तो साहब का टाइगर-नाम तो टाइगर, पर हरकतें पिंकू की तरह-चारपाई पर लेटा, झबरीली आँखों से घूरता हुआ जैसे कह रहा हो-'तू मेरे लॉन में कैसे सो गया?' और मैं, आत्मग्लानि में डूबा-"ओह! मैं एक मध्यवर्गीय इंसान और ये उच्चवर्गीय कुत्ता, हम एक ही अहाते में हैं। कहीं देश का नहीं गिरा?" कुत्ते का टशन देख मैंने मन में दोहराया-"गरीब आदमी को सिर्फ. आदमी ही नहीं, कुत्ता भी नीचा दिखाता है!" शाम को जब लॉन में बैठकर चाय पी रहे थे, तो नौकर टाइगर को टहला रहा था। इतने में फाटक के बाहर दो 'नॉन-बँगला-रेजिडेंट' कुत्ते आ गए।

# गर्मियों में प्रकृतिक तरीके से रखें हाइड्रेशन

शहनाज हुसैन

**गर्मियों** के मौसम में पसीने के कारण शरीर से जरूरी मिनरल्स और पानी तेजी से निकल जाते हैं जिसकी बजह से शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन की दिक्कत हो जाती है। इस मौसम में अपने शरीर को हाइड्रेट करने के ज्यादातर लोग पानी पीते हैं लेकिन पानी पीना ही पर्याप्त नहीं होता क्योंकि एक तो पानी बेस्वाद होता है और दूसरे इसमें पर्याप्त मिनरल नहीं होते जोकि शरीर को भरी दुपहरी ऊजार्बान रख सकते हैं। हालाँकि कुछ लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए काबोर्नेटेड ड्रिंक्स का सहारा लेते हैं जिनमे केमिकल और आर्टिफीसियल फ्लेवोर्स को मिलाकर एक उम्दा स्वाद तैयार किया जाता है और लोग अपने परिवार और मेहमानों को शौक से काबोर्नेटेड ड्रिंक्स पिलाते हैं लेकिन इन ड्रिंक्स के लगातार उपयोग से शुगर और पेट सहित अन्य अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। गर्मियों के मौसम में शरीर को तरोताजा रखने के लिए अनेक हेल्दी ड्रिंक्स उपलब्ध होते हैं जोकि शरीर में पानी की कमी दूर करते हैं और आपको अन्दर से मजबूत भी रखते हैं।

**नारियल का पानी:** नारियल पानी प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक पेय है जोकि शरीर को हाइड्रेट करता है जिससे आप उजार्बान और एक्टिव महसूस करते हैं। यह ना सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है, जो ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं। नारियल पानी पीने से थकान और कमजोरी दूर होती है और यह पाचन क्रिया को भी सुधारता है। नारियल पानी दिन के किसी भी समय पिया जा सकता हैए लेकिन आयुवेर्दाचार्य इसे सुबह खाली पेट पीने की सलाह देते हैं ताकि आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके। नारियल पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी होते हैंए जो स्किन को अंदर से ग्लोइंग बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट एक गिलास नारियल पानी पीने से त्वचा हेल्दी और आकर्षक बनती है। नारियल पानी में फाइबर होता है जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। रोजाना एक गिलास नारियल पानी पीने से पेट को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है।

## न्यूज फ्लैश

### डीसी नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे आज

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** आगामी मानसून के दृष्टिगत नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था की वास्तविकता जांचने के लिए उपायुक्त अजय सिंह तोमर आज सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ कई स्थानों का दौरा करेंगे। यहां बता दें कि बीते दिनों परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर आज सिंचाई विभाग, नगर परिषद, जन स्वास्थ्य विभाग, रेलवे विभाग, एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, कैंटोनमैंट बोर्ड, बिजली निगम व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ उनके विभाग के अंतर्गत आने वाले नालों व ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगे। निरीक्षण के दौरान वह गुडगुडिया नाला नजदीक महाराजा ढाबा, गुडगुडिया नाला पक्की सराय 12 क्रास रोड, 12 क्रास रोड पर निर्माणाधीन नाला, हाथीखाना मंदिर नाला 12 क्रास रोड, महेशनगर नाला नजदीक केडी अस्पताल, बब्याल पम्प हाउस, महेशनगर पम्प हाउस, चंदपुरा ब्रिज टांगरी नदी, टांगरी नदी स्टोन पिच वर्क रामपुर, इंडस्ट्रीयल एरिया ओमला नदी, बीडी फ्लोर मिल नाला, गुडगुडिया नाला नाईट फुड मार्किट, घसीटपुर एचएसबीपी, गुडगुडिया नाला रेलवे रोड, रेलवे कालोनी एलनबे लाईन, शास्त्री कालोनी के साथ-साथ अन्य स्थानों का जायजा लेंगे। निरीक्षण के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे।

# पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में है करियर की अपार संभावनाएं

## -ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया जारी, 23 जून तक करें आवेदन

**दाखिला**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विश्वविद्यालय में उपलब्ध पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अंतर्गत अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को एमलिब में दाखिले का सुनहरा अवसर उपलब्ध करा रहा है। विभाग में दाखिले के लिए 30 सीटें उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि दो वर्ष का यह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, एनसीआरएफ और शिक्षण परिणाम आधारित पाठ्यचर्या (एलओसीएफ) के अनुरूप डिजाइन किया गया है। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीराम पांडेय ने बताया कि विभाग के अंतर्गत अध्ययन के लिए आने वाले विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित डिजिटल लाइब्रेरी लैब, हाई स्पीड वाईफाई, विद्यार्थियों के ट्रेनिंग के लिए भारत की विभिन्न प्रसिद्ध पुस्तकालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। इसके साथ विश्वविद्यालय में समय-समय पर विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान, सेमिनार व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान का कोर्स करने के पश्चात सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार की आपार संभावनाएं हैं। इस कोर्स को करने के पश्चात विद्यार्थी शैक्षणिक व शिक्षणेतर दोनों क्षेत्रों में अपना भविष्य बना सकते है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, केंद्रीय पुस्तकालयों, बैंकों, राष्ट्रीय संग्रहालयों तथा अभिलेखागारों, संयुक्त राष्ट्र संघ, विभिन्न मंत्रालयों, न्यूज चैनल, पुस्तकालय नेटवर्क में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। दाखिले के इच्छुक पात्र अभ्यर्थी पंजीकरण कर सकते हैं। विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### खेतों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** डिटैक्टीव स्टाफ (सीआईए-3) की टीम द्वारा जिला जेल पानीपत में बंद 7 आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को अदालत में पेश करके उनका दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। मुख्य सिपाही जितेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में उनकी टीम द्वारा आरोपियों से की गई पूछताछ में आरोपियों द्वारा खेतों में चोरी की 16 वारदातों के संबंध में खुलासा किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर उक्त मामलों के संबंध में 11 ट्यूबवेलों से चोरी की गई तार, ग्रीप व स्टारटर बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य वारदातों के संबंध में भी आरोपियों को जल्द शामिल जांच करके बरामदगी की जाएगी। आज आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें पुनः अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### उपायुक्त ने ली जिला स्तरीय मलेरिया कार्य समिति की बैठक



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि मलेरिया व वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम करना हम सबकी जिम्मेदारी है। सभी संबंधित विभाग जिला को मलेरिया मुक्त करने के लिए आपसी सहयोग व समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

उपायुक्त उत्तम सिंह वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय मलेरिया कार्यसमिति की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को वेक्टर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, जेई व चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों की रोकथाम हेतु सहयोग व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने शहरी निकाय विभाग व पंचायत विभाग के अधिकारियों को कहा कि गांवों व शहर में डेंगू केसों के घरों के आसपास फॉगिंग करवाना सुनिश्चित करें। वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए की जाने वाली आईईसी गतिविधियों में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें व शहर में कूड़ा उठाने वाली गाडिंयों पर आईईसी के लिए ऑडियो चलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बीडीपीओ को कहा कि वे उनके अधीन आने वाले सभी गांवों की ग्राम सफाई कमेटी से गांव में साफ-सफाई का कार्य नियमित रूप से करवाना सुनिश्चित करें।

सिविल सर्जन डा.पूनम चौधरी ने बताया कि जिला में 2 सब डिविजनल अस्पताल, 8 सीएचसी, 25 पीएचसी व 150 सब सेंटर हैं जो जिले में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में मलेरिया के आंकड़े काफी कम हुए है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाली एंटी लारवा एक्टिविटी तथा मलेरिया पॉजिटिव केसिज को दी जाने वाली आरटी के द्वारा मलेरिया पर काबू पाया जा सकता है, लेकिन डेंगू पर काबू पाने का एकमात्र साधन साफ सफाई है, क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ पानी मे ही पनपता है।

उप सिविल सर्जन डा.अनु शर्मा ने बैठक में शिक्षा विभाग से अपील की कि स्कूल की छतों पर कोई ऐसा अनुपयोगी सामान न रखें, जिसमें पानी इक्ठा हो क्योंकि यह मच्छरों के पनपने का साधन बन सकता है। प्रत्येक स्कूल रविवार को ड्राई डे मनाएं तथा स्कूल की टैकियों व कूलरों को अच्छी तरह से साफ करें व स्कूलों में प्रातरू की सभा में बच्चों को वेक्टर बोर्न बीमारियों के बारे में बताये। इसके साथ-साथ उप सिविल सर्जन (मलेरिया) ने सभी विभागों से अपील की अपने-अपने कार्यालयों में वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त करें व उनके नाम व पद, मोबाइल नंबर सहित सिविल सर्जन कार्यालय मे भेजें।

### लाठर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई, जिसमें पूर्व विधानसभा स्पीकर कंवरपाल गुर्जर मुख्य तौर पर मौजूद रहे। बैठक में पार्टी के चल रहे संगठनात्मक विषयों पर विचार.विमर्श किया गया। बैठक में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर मनाने एवं इस अभियान को जन.जन तक पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई।

### योग को जीवन में करें आत्मसातः सीईओ डॉ सुभाष चंद्र





टीम एक्शन इंडिया
सिरसा, (रणबीर खटक)

योग का आमजन के जीवन में बड़ा महत्व है। योग व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ बनाता है। हर व्यक्ति योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें।

यह बात सीईओ जिला परिषद डॉ सुभाष चंद्र ने वीरवार को योग हाफ मैराथन को हरि झंडी दिखाने उपरांत योग प्रोटोकॉल अभ्यास के दौरान उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कही। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को आयोजित योग हाफ मैराथन में खिलाडि़ों, स्कूली बच्चों के साथ-साथ शहरवासियों ने भाग लिया। सीईओ डॉ सुभाष चंद्र ने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में योग को आत्मसात करें, तभी योग दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि योग एक दिन करने की क्रिया नहीं बल्कि इसे नियमित रूप से करने की पद्धति है। योग से हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होंगे।

**योग हाफ मैराथन में जागरूकता का दिया संदेश :** बाल भवन से शहीद भगत सिंह स्टेडियम तक निकाली गई योग हाफ मैराथन में आमजन को योग करने बारे जागरूक किया गया। इसके बाद स्टेडियम में योग प्रोटोकॉल क्रियाओं का अभ्यास किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान योग दिवस पर होने सभी योग क्रियाओं का अभ्यास किया गया और साथ ही योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

**20 को होगी योग दिवस रिहर्सल :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 20 जून को प्रातः 6 बजे शहीद भगत स्टेडियम में रिहर्सल की जाएगी।

### रॉयल स्टैग ने द सिलेक्ट वन्स के लिए किया पेश

**रोहतक ।** भारत की बेहतरीन शॉर्ट फिल्मों के लिए प्रसिद्ध मंच रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने अपना नया थीम आधारित अभियान द सिलेक्ट वन्स के लिए पेश किया है, जिसमें लोकप्रिय कलाकार राजकुमार राव और पत्रलेखा शामिल हैं। एफसीबी नियो द्वारा परिकल्पित यह अभियान उन खास लोगों को समर्पित है जो अपनी सफलता की राह में हमेशा सोच-समझकर निर्णय लेते हैं, जो उत्कृष्टता और ज्ञान की ओर निरंतर अग्रसर रहते हैं और अपने सिद्धांतों व सपनों से कभी समझौता नहीं करते।सफलता के मूल विचार से प्रेरित, यह कैंपेन फिल्म एक सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रस्तुति है, जो इस बात की पुष्टि करती है कि रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ओरिजिनल, उद्देश्यपूर्ण और अलग पहचान वाली कहानियों के प्रति पूरी तरह समर्पित है।अभियान को लेकर परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स आज एक ऐसा मंच बन चुका है जो उत्सुक और समझदार दर्शकों के लिए बेहतरीन कहानियों का समर्पित इकोसिस्टम तैयार करता है। इसने भारत में शॉर्ट फिल्मों का एक भरोसेमंद गंतव्य बनकर अपनी अलग पहचान बनाई है। हम अपने नए थीम आधारित अभियान द सिलेक्ट वन्स के लिए के जरिए इस अनोखी कहानी कहने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं, और उन लोगों को सलाम कर रहे हैं।

### गांव खातीवास में युवाओं, ग्रामीणों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़ ।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार समस्त हरियाणा में 12 जून से 26 जून तक नशे के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान। पुलिस का जिला महेंद्रगढ़ को पूरी तरह नशा मुक्त करने के लिए निरंतर अथक प्रयास जारी। पुलिस महानिदेशक, हरियाणा के निर्देशानुसार समस्त हरियाणा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ड्रग्स मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करों एवं आपराधिक किस्म के लोगों पर और अधिक प्रभावी ढंग से शिकंजा कसने के लिए तथा नशे जैसी बीमारी के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए गांव खातीवास में युवाओं, ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। इस दौरान सभी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। आमजन से अपील की गई कि नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में लोगों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए तथा जिला पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पूर्ण सहयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि गैरकानूनी धंधा करने वालों तथा नशा बेचने वालों की सूचना बिना किसी भय के पुलिस दें, सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। निरीक्षक मिनाक्षी ने कहा कि युवा देश की धरोहर हैं, इसलिए वे नशे जैसी बुराई से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद व अन्य सामाजिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपना व अपने देश प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा समाज को नशामुक्त करने के लिए अथक प्रयास निरंतर जारी हैं और भविष्य में इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

इस दौरान गांव के मौजिज व्यक्तियों सहित अन्य ग्रामीण और युवा मौजूद रहे।

### बाल सुधार गृह में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बालाः** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला के तत्वाधान में माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश एवं चेयरमैन प्राधिकरण सुश्री कंचन माही व माननीय मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट एवं सचिव प्राधिकरण प्रवीन के मार्गदर्शन में बाल सुधार गृह अम्बाला में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुधार गृह में रह रहे जुवेनाइल बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें हर प्रकार की बीमारी की जांच की तथा उन्हें बेहतर दवाइयां भी उपलब्ध करवाई। इस आयोजन में लगभग 90 जुवेनाइल बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समय-समय पर ऐसे कैंप का आयोजन करता रहता है ताकि सुधार गृह में रह रहे बच्चों को बेहतर सुविधा मिलती रहे और कोई भी जुवेनाइल किसी बीमारी से ग्रस्त ना रहे।

इसके साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सप्ताह में दो बार पैनल अधिवक्ता की भी ड्यूटी लगाई जाती है ताकि हर जुवेनाइल को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला, 0172-2532142 व नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### कमर में बहुत तेज दर्द होना सायटिका की निशानी

**झज्जर।** कमर के निचले हिस्से से दोनों पैरों तक जाने वाली सायटिक नसों पर दबाव पड़ने के कारण पैरों में बहुत तेज दर्द उठता है, जिसे सायटिका का दर्द कहा जाता है। सायटिका का दर्द तब होता है, जब हर्नियेटेड डिस्क, हड्डियों के बढ़ने, या स्टेनोसिस के कारण नसें दब जाती हैं। यह दर्द बहुत तेजी से उठता है, जलन कर सकता है या बिजली के झटके की तरह हो सकता है। यह दर्द आमतौर से शरीर के केवल एक हिस्से में होता है। डॉ. पुनीत कांत अरोड़ा, कंसल्टेंट - न्यूरोसर्जन, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने कहा, ह्यइसायटिका, रीढ़ की हड्डी के बीच में जो खाली स्थान होता है।

### सोनीपत कांग्रेस कार्यालय में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत।

**सोनीपत।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन जिला कांग्रेस भवन, सोनीपत में कांग्रेस कार्यकताओं ने केक काट कर मनाया। इस दौरान सभी कार्यकताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य रूप से मंच पर सांसद वर्षा एकनाथ गायकवाड़, सह प्रभारी बलजिंद्र सिंह ठरवी, सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व सांसद धर्मपाल सिंह मलिक, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, कर्नल रोहित मोर, कांग्रेस नेता ललित पंवार सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जन्मदिन समारोह के उपरांत मुंबई से सांसद व सोनीपत जिला की पर्यवेक्षक वर्षा एकनाथ गायकवाड़ ने सोनीपत शहरी व ग्रामीण अध्यक्ष पद के अंतिम दिन कांग्रेस कार्यकताओं की राय जानी। इस दौरान ग्रामीण व शहरी अध्यक्ष पद के लिए करीब 70 आवेदकों ने आवेदन किया। सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लिए बेहद ही मेहनती व्यक्ति को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी जाएगी। अध्यक्ष पद की नियुक्ति के लिए पार्टी के प्रति समर्पण, मेहनती, ईमानदार, साफ छवि सहित अन्य बातों पर मुख्यता से ध्यान दिया जाएगा। बृहस्पतिवार शाम तक सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कांग्रेसजनों व आवेदकों की राय जानी।

इसके उपरांत उन्होंने कहा कि दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से चर्चा कर जल्द ही जिलाध्यक्ष का नाम घोषित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी कार्यकताओं ने एकजुटता से कहा कि पार्टी नेतृत्व को जिस नाम पर सहमति होगी सभी कार्यकर्ता उसके साथ दिन-रात एक कर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस दौरान बड़ी तादाद में कांग्रेसजन, कांग्रेस पार्टी के सभी संगठनों के पदाधिकारीगण जिला व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दुकानदार की मौत के बाद मिला सुसाइड नोट, 15 लोगों पर दुकान छीनने का आरोप





टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में किराना दुकानदार की मौत के एक हफ्ते बाद गल्ले से मिले सुसाइड नोट बरामद हुआ। पीड़ित पक्ष एसपी कार्यालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया से मिलकर निष्पक्ष जांच और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्होंने घरौंडा पुलिस को सारे सबूत सौंपे, बावजूद इसके अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया। बार.बार थाने के चक्कर काटने के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही। एसपी ने जांच का आश्वासन दिया है और कहा गया है कि जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से करवाई जाएगी।

घटना 3 जून की रात की है, जब वार्ड नंबर-16 निवासी दुकानदार सतीश कुमार की अचानक मौत हो गई थी। परिजनों ने पहले पुलिस में कोई शिकायत नहीं दी थी और न ही शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। 4 जून को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। 10 जून को जब मृतक की पत्नी बिमला देवी और बेटी रजनी दुकान पर पहुंचीं और गल्ला खोला तो वहां से दो पेज का सुसाइड नोट मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बिमला देवी ने बताया कि उनका पति पिछले 32 वर्षों से कश्यप चौपाल परिसर में किराना की दुकान चला रहा था। चौपाल कमेटी ने मरम्मत के नाम पर दुकान खाली करवाई और 100 रुपए के स्टांप पेपर पर लिखित में यह वादा किया कि मरम्मत के बाद वही दुकान उन्हें लौटाई जाएगी। इस एफिडेविट पर कमेटी के कई सदस्यों के हस्ताक्षर भी थे। परिजनों का आरोप है कि दुकान की मरम्मत के दौरान सतीश ने लैंटर डलवाया, लेकिन जब मरम्मत पूरी हुई तो दुकान वापस नहीं दी गई। उल्टा कमेटी ने दुकान पर शटर लगाकर उसे बंद कर दिया। इसके बाद से ही सतीश मानसिक रूप से परेशान रहने लगा।

बिमला देवी का कहना है कि सतीश को लगातार धमकियां दी जा रही थीं। आरोप है कि सुरेंद्र व अन्य सदस्य उसे जान से मारने, बिरादरी से निकलवाने और रिश्तेदारों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देते थे। इन्हीं दबावों में आकर सतीश ने फेसबुक पर एक वीडियो भी अपलोड किया था, जिसे बाद में डिलीट करने का दबाव डाला गया।

सतीश द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में कश्यप चौपाल कमेटी के 15 सदस्यों के नाम लिखे हैं। बिमला देवी का आरोप है कि इन सभी ने मिलकर धोखाधड़ी से दुकान हड़पने की साजिश रची। उन्होंने अपनी शिकायत में सभी के नाम शामिल किए हैं और मुख्य साजिशकर्ता के रूप में राजेंद्र कश्यप को जिम्मेदार ठहराया है।

### पारस हेल्थ पंचकूला ने लगाया मुफ्त हेल्थ कैंप, 200 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ



टीम एक्शन इंडिया

**पंचकूलाः** पारस हेल्थ पंचकूला द्वारा सेक्टर 22 स्थित नाडा साहिब गुरुद्वारे के पास एक निशुल्क मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों ने भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से मुफ्त जांच व परामर्श प्राप्त किया। कैंप में 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस पहल को पंचकूला पुलिस का सहयोग मिला। कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी श्रीष्टी गुप्ता (आईपीएस) मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंप पुलिस कर्मचारियों के लिए बेहद जरूरी हैं, क्योंकि वे अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। कैंप में कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी और ईएनटी से संबंधित मुफ्त जांच की सुविधा दी गई। पारस हेल्थ के फैसलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने बताया कि हेल्थ कैंप का उद्देश्य लोगों को समय रहते जांच और सही सलाह उपलब्ध कराना है, जिससे गंभीर बीमारियों को रोका जा सके। पारस हेल्थ पंचकूला समय-समय पर ऐसे सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करता रहा है, ताकि विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं आम जनता तक पहुंच सकें।

न्यूज फ्लैश

## नशा मुक्त समाज बनाने में जन भागीदारी आवश्यक: रामकुमार कश्यप



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए जन भागीदारी बेहद जरूरी है। नशे के कारण हमारे युवा गलत रास्ते पर जा रहे हैं। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सरकार के साथ-साथ जनता की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशा रोकने के लिए समय-समय पर सरकारी विभागों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा विशेष अभियान चलाए जाते हैं। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियानों के साथ-साथ साइकिल रैलियां चलाई जा रही हैं। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप गुरुवार को एक निजी पैलेस में आयोजित नशा मुक्त जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस जागरूकता कार्यक्रम में हलके के विभिन्न गांवों से सरपंच, पंच, पार्षदों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित आमजन को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि नशे से युवाओं की अकाल मृत्यु हो जाती है, जिससे परिवार तबाह हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशा समाज, प्रदेश और देश का बड़ा नुकसान कर रहा है, और सभ्य समाज में इसकी कोई जगह नहीं है। उन्होंने पोलियो उन्मूलन में जनता के सहयोग का उदाहरण देते हुए कहा कि उसी तरह हमें मिलकर नशे को भी खत्म करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस बारे मे सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज की कल्पना को साकार करने के लिए सामूहिक जागरूकता और एकजुट होकर काम करना होगा। इस मौके पर इंद्री पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम,थाना प्रभारी विपिन,भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय कश्यप, सरपंच एसोसिएशन इंद्री के प्रधान प्रताप सिंह, सहित काफी संख्या में भाजपा नेतागण, कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी, मुकदमें दर्ज

**सोनीपत:** सदर थाना सोनीपत व कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहनों के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव से नियाणा हिसार निवासी भूपेंद्र ने बताया कि वह हाल में गांव सेरसा में रहता है। वह एक कंपनी में बतौर मार्केटिंग कर्मचारी के रूप में काम करता है। भूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी के कार्यालय पर गया था। बाइक को कार्यालय के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद जब वापस आया तो बाइक वहां पर नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक के बारे में पता किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया।

# दयालबाग में ब्रह्माकुमारीज द्वारा योगाभ्यास आयोजित

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी अतिथि गणों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया

सांझा कार्यक्रम

- आयुष विभाग द्वारा ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक सांझा कार्यक्रम आयोजित किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांति धाम दयालबाग सेवाकेंद्र में ब्रह्माकुमारीज, रोटरी क्लब अंबाला कैंट, आयुष विभाग द्वारा ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक सांझा कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस योग दिवस के शुभ अवसर पर सभी अतिथियों का मंच पर अभिवादन किया और ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी अतिथि गणों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया।

डॉ समिधा शर्मा एएमओ आयुष विभाग जी ने प्रोग्राम में आये सभी श्रोतागणों को शारीरिक योग करवाया और बताया कि हमारा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अध्यात्मिक स्वास्थ्य व सामाजिक स्वास्थ्य स्वयं का अहसास ये सभी इस योग की कला को समझने से ही संभव हैं। राजयोगिनी बीके शैली दीदी ने कहा जब हम योग करते हैं तो उसमें अलग-अलग रंगों की किरणों को स्वयं पर पड़ते हुए महसूस करते हैं जिससे हमारे अंदर अनंत शक्ति का प्रवाह होता है हम अनुभव करेंगे कि परमात्मा हमारी हर बात सुन रहा है और हमें जीवन में आने वाली सभी परिस्थितियों के लिए मजबूत बना रहे हैं हम जागृत होकर महसूस करें उस एनर्जी को जो हमें परमात्मा से मिली है वह बहुत दूर तक फैल रही है उसका दायरा बढ़ता जा रहा है ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अंबाला सब जॉन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने अपने आशीर्वचन सुनाते हुए बताया कि हम आत्मा जब अपने इस देह को भूल कर अपने अंदर आत्मा को देखते हैं तो उस आत्मा के अंदर हमें परमात्मा की शक्ति का प्रकाश दिखाई देता है और उस प्रकाश में संपूर्ण प्राप्तिया समाई होती हैं जिससे जुड़कर हमें कभी भी किसी प्रकार की कमी दुःख अशांति महसूस नहीं होती यानी कि जब हम आत्माएं परमात्मा के साथ योग लगाते हैं तो हमें परमात्मा के जैसी संपूर्ण व संपन्नता सुख शांति आनंद प्रेम प्राप्ति होती है इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर जॉन 9 रोटरी क्लब नरेश भारद्वाज, प्रेसिडेंट रोटरी इंडस्ट्रियल एरिया अंबाला कैंट दिलीप मेहता, प्रेसिडेंट रोटरी क्लब अंबाला कैंट दिनेश सेठी, प्रेसिडेंट इलेक्ट आरसीआई डॉ जोगिंदर सिंह, डॉ समिधा शर्मा एएमओ आयुष डिपार्मेंट, सुरेंद्र गोयल, अशोक भल्ला, पास्ट प्रेसिडेंट डीपी गुलाटी, शशि गुलाटी, डोली, श्रीमती थापर, मधु जुल्का, गणेश सभरवाल, सुनील अग्रवाल, योग सहायक आयुष डिपार्मेंट रीता राणा, सोनिया शर्मा और राकेश मेहता वा शहर जानी मानी हस्तियां मौजूद रही।

## समाधान शिविर हुआ आयोजित, सुनी आमजन की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उदेश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है इसी ध्येय के साथ समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है जिनमें प्राथमिकता के आधार पर लोगो की समस्याओं का समाधान किया जाता है। नगराधीश वीरवार को उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। नगराधीश ने समाधान शिविर मे पंहुचे लोगो की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रार्थियों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर मे शिकायतकताओं द्वारा

समाधान

- समाधान शिविर का मुख्य उदेश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है

कुल 4 शिकायतें रखी गई जिन्हें नगराधीश द्वारा संबंधित अधिकारी को मार्क करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए गए।
उन्होंने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे जिलें मे जिलास्तर व उपमण्डल स्तर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें जिनमे लोगो की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निपटान करवाया जाता है।

## योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 को खिज्र मकबरा में आयोजित होगा जिला स्तरीय योग कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि योग युक्त नशा मुक्त संकल्प के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को जटवाड़ा स्थित खिज्र मकबरा में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला के हजारों लोग हिस्सा लेंगे और अपने स्वस्थ स्वस्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए एक कदम और आगे बढ़ाऐंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा योग कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 20 जून को कार्यक्रम स्थल पर पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं व जनमानस भाग लेकर योग क्रियाओं का अभ्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के अलावा जिला के सभी ब्लॉकों में भी 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि योग ही वो शक्ति है जो हमारे शरीर को स्वस्थ रख सकती है।

## योग मैराथन को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सहभागिता

- सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी जगहों पर कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत जिला प्रशासन व आयुष विभाग के सौजन्य से हर्बल पार्क अम्बाला शहर के नजदीक से योग मैराथन का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राजबीर रंगा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार व अन्य मौजूद रहे।
इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है। योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। नियमित रूप से योग करके हम अनावश्यक बीमारियों से भी बच सकते हैं। आज आयोजित योग मैराथन में एचएपी बटालियन के जवान, जिला पुलिस, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग के साथ-साथ स्कूली विद्यार्थियों के साथ-साथ योग संस्थान से जुड़े प्रतिनिधियों व सदस्यों ने इसमें भाग लेकर योग की महत्वता बारे लोगों को जागरूक करने का काम किया। विद्यार्थियों व खिलाडियों ने हाथों में पट्टिकाएं जिसमें योग है अनिवार्य बाकी सब बेकार, योग लाएगा स्वास्थ्य का राज, इसे धारण करने से स्वस्थ बनेगा समाज, ना कोई कष्ट न कोई रोग जब जीवन में होगा योग इत्यादि के माध्यम से योग से जुडने बारे संदेश दिया। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम व ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर पहले से ही बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी जगहों पर कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना है।

## जिले भर में योग शिविरों की एक श्रृंखला आयोजित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला/मैनपाल**
अपर्णा भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पंचकूला ने बताया कि कार्य योजना-2025 के अनुसार, तथा सूर्य प्रताप सिंह, सदस्य सचिव, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) के निर्देशों तथा वेद प्रकाश सिरोही, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डीएलएसए पंचकूला के कुशल मार्गदर्शन में,



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले भर में योग शिविरों की एक श्रृंखला आयोजित की गई।
शिविरों का आयोजन दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया, विशेष रूप से छात्रों, कैदियों और देखभाल संस्थानों में बच्चों के बीच। योग एक कालातीत भारतीय परंपरा है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देती है। इसके महत्व को पहचानते हुए, डीएलएसए पंचकूला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों और संस्थानों में यह विशेष पहल की। योग शिविर निम्नानुसार आयोजित किए गए:

योगाभ्यास

- श्वास अभ्यास के माध्यम से भावनात्मक संतुलन और तनाव से राहत को बढ़ावा देना था

ड्ड 13.06.2025 को, सेंट्रल जेल, अंबाला में एक योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 500 से अधिक कैदियों ने भाग लिया। सत्र का उद्देश्य निर्देशित योग आसन और श्वास अभ्यास के माध्यम से भावनात्मक संतुलन और तनाव से राहत को बढ़ावा देना था।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र:** कुरूक्षेत्र में 21 जून 2025 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में लाखों योग साधक पहुंचेगें। जिसको मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस द्वारा आमजन की सुविधा को देखते हुए योग दिवस पर आने वाले ट्रैफिक के अतिरिक्त अन्य ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट प्लान तैयार किया गया है। जानकारी देते हुए श्री नीतीश अग्रवाल ने बताया कि 21 जून



2025 को ब्रह्मसरोवर पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में आने वाले तथा कुरुक्षेत्र शहर से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक डायवर्ट प्लान तैयार किया गया है ताकि यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा सके। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र शहर में आने वाले सभी मार्गो पर नाके लगाये गये हैं जो यातायात वयवस्था को संभालेंगे। कुरुक्षेत्र शहर में भारी वाहनों की एंट्री बैन की गई है। दिनांक 21 जून 2025 को ट्रैफिक डायवर्ट प्लान इस प्रकार है। जिला कैथल, जिला पटियाला की तरफ से आने वाली ट्रैफिक जिन्होने सहारनपुर, हरिद्वार (उतरप्रदेश), हिमाचल प्रदेश, उतराखण्ड जिला यमुनानगर के क्षेत्र में जाना है वो वाहन पेहवा बाईपास एनएच-152 से होकर ईस्माईलाबाद बाईपास से होते हुए गांव ठोल, कुरडी, नलवी, शाहाबाद के रास्ते अपने गन्तव्य को जा सकते हैं।

## कार की चपेट में आए युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**सोनीपत:** सदर थाना क्षेत्र में कार की चपेट में आकर घायल हुए युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक को 17 दिन पहले तेज रफ्तार कार ने चपेट में लिया था। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है। गांव भटगांव डुंगरान निवासी सुमित खेती-बाड़ी का काम करता है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सुमित 31 मई को घर का सामान लेने के लिए सोनीपत आ रहा था।

## नई शिक्षा नीति-2020 से होगा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास: सुधीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई की तरफ से इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 45 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराना और इसे शिक्षण पद्धति में प्रभावी रूप से शामिल करने के तरीके समझाना था। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दीप प्रज्वलित कर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। सुधीर जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण



विकास में सहायक है। इस शिक्षा नीति के तहत बच्चों के कौशल को विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों को सक्षम बनाना है। इस मौके पर सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन सुमित कुंडू ने टीचरों को नई शिक्षा नीति-2020 के विविध पहलुओं से अवगत करवाया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए।
सुधीर जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 भारत के शिक्षा परिदृश्य में एक मील का पत्थर है, जो परिवर्तन और नवाचार के एक नए युग की शुरूआत करती है। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षण को अधिक समावेशी, व्यावहारिक और कौशल-आधारित बनाने पर केंद्रित है। नई शिक्षा नीति बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देती है।
सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन सुमित कुंडू ने इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान शिक्षकों को नई शिक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया, बहुभाषी शिक्षा और कौशल विकास जैसे विषयों पर जानकारी दी।
उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 के चार पिलर इक्विटी, क्वालिटी, एक्सेसिबिलिटी व अकाउंटेबिलिटी के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि नई नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्री स्कूल से लेकर हाई स्कूल तक सभी बच्चों को शिक्षा तक पहुंच मिले। इसका लक्ष्य 2030 तक हर बच्चे को स्कूल में लाना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि बच्चे शुरू से ही बुनियादी पढ़ना, लिखना और गणित कौशल सीखें।

## राहुल गाँधी ने देश को जोड़ने का काम किया: सुनील पवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में कांग्रेस पार्टी की तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व मंत्री भीमसेन मेहता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे में बतौर मुख्यातिथि के तौर पर राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पवार ने शिरकत की।
इस अवसर पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील पवार का फूल मालाओ से उनका जोरदार स्वागत किया। और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी स्वागत किया। राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.



सुनील पवार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की बीजेपी सरकार ने देश के सवराज के खिलाफ विपरीत धारा चलाने का काम किया है इस पार्टी ने जिस भी क्षेत्र में कार्य किया है वो केवल और केवल विनाश का करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने समाज में द्वंध और आपसी भाईचारे को खत्म किया है।
हमारी लड़ाई स्वराज की है और स्वराज की ये लड़ाई लड़ने के लिए हमारा एक एक कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है। हमारी जितनी भी नयी लीडरशिप इंद्री की चुनी गई है इसके युवा नेता केवल इंद्री की ही नहीं बल्कि पुरे देश के लिए कांग्रेस की देश हित की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को राहुल गाँधी के जन्मदिन की भी शुभकामनायें दी और कहा की वर्तमान में राहुल गाँधी ने देश को जोड़ने का काम किया है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान वो हजारों किलोमीटर पैदल चले और देश के कोने कोने में जाकर आपसी भाईचारे का सन्देश देकर बीजेपी की फूट डालो और राज करो नीतियों पर पानी फेर दिया।
बीजेपी पार्टी सत्ता के लालच में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी जब सत्ता में आये थे तो उन्होंने खुद को पिछड़े वर्ग का नेता बताया। लेकिन सत्ता में आते ही उन्होंने पिछड़े वर्ग की और से अपनी आँखे बंद कर ली। आज स्तिथि ये हो गई है की गरीब आर्थिक रूप से और ज्यादा कमजोर हो चुका है। वही पढ़े लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा।

साधा निशाना

- बीजेपी सरकार ने देश के सवराज के खिलाफ विपरीत धारा चलाने का काम किया है : कांग्रेस नेता सुनील पवार

## हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के समर्थन में उतरा डीएससी

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**
**हरियाणा** के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के समर्थन में डीएससी समाज उतर चुका है। बीते दिनों डरउ समाज के कुछ लोगों के द्वारा हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का पुतला फुक फूंका गया था और बेदी के खिलाफ नारेबाजी की गई थी। वही आज कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के समर्थन में डीएससी समाज ने शाहाबाद के रेस्ट हाउस में बैठक की ओर कहा कि वह कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के साथ हैं। ऊरउ समाज के नेता पूर्व पार्षद जोगिंदर रत्ता और सुल्तान अजराना ने जानकारी देते हुए बताया कि जब SC समाज के दो भाग हुए हैं। तब से कुछ लोग जो कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हैं वह हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डरउ समाज के लोग हमारे भाई हैं। और सिर्फ कुछ लोग हैं जो इस तरह की हरकतें कर रहे है। बाकी OSC समाज समझता है की DSC समाज को भी ऊपर उठने का हक है। उन्होंने कहा कि वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि पूरा DSC समाज हरियाणा के कैबिनेट ने जोगिंदर सिंह , शाहबाद मारकंडा सुल्ता, अजराना खुर्द कश्मीर बाजीगर अमरजीत चमक चमन अजराना खुर्द सुरेंद्र अजराना खुर्द जीत शमशेर बीजडपुर संदीप बागड़ी जितेंद्र धुराला रणधीर कठवा कमल मचल दिनेश मचल सुखदेव बाजीगर देशराज कश्यप काकू सौदे सुनील भुना कर्म सिंह बिजडपुर जसी नलवी मनजीत कलसानी आदि लोग मौजूद आ रहे।

बैठक की

- आज कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के समर्थन में डीएससी समाज ने शाहाबाद के रेस्ट हाउस में बैठक की

# ड्रेन नंबर छह का एसडीएम ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सफाई के सख्त निर्देश

## एसडीएम ने साफ कहा कि बरसात से पहले सभी ड्रेनों की समय रहते सफाई होनी जरूरी है

**निरीक्षण**

**निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर ड्रेन की सफाई अधूरी पाई गई, जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
बरसात के मौसम को देखते हुए उपमंडल अधिकारी प्रवेश कादियान ने मंगलवार को शेखपुरा गांव के पास से गुजर रही ड्रेन नंबर छह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर ड्रेन की सफाई अधूरी पाई गई, जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई और नहरी विभाग के अधिकारियों को छह दिन के भीतर ड्रेन की पूरी सफाई करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने साफ कहा कि बरसात से पहले सभी ड्रेनों की समय रहते सफाई होनी जरूरी है, ताकि जलभराव की स्थिति न बने और ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ड्रेन की सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- अधिकारियों की ली बैठक

एसडीएम प्रवेश कादियान ने अपने कार्यालय में नगरपालिका, जनस्वास्थ्य विभाग और खंड विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ बचाव कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में नालों और सीवर की सफाई जल्द पूरी करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि वह स्वयं सफाई कार्य का निरीक्षण करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान कहीं सफाई अधूरी मिली तो संबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शिकायतों के बावजूद दो महीनों से स्थानांतरित नहीं हो रहा कैलाना गांव में शराब का ठेका




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव कैलाना के ग्रामीणों ने आबादी के अंदर खोले गए शराब के ठेके को न हटवाए जाने से ग्रामीणों में विरोध है। ग्रामीणों ने इस संबंध में उपायुक्त, एसडीएम व जिला आबकारी एवं कराधान अधिकारी के अलावा सीएम विंडो पर भी शिकायत दी। दो महीने बीत जाने के बाद भी शराब का ठेका नहीं हटा है। जिस कारण ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेका गांव की आबादी के बीच में खुला है, जिससे महिलाओं और छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि ठेके के पास गांव का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है, जहां महिलाएं पूजा-पाठ के लिए जाती हैं, लेकिन शराबियों और असामाजिक तत्वों की मौजूदगी के कारण वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। ठेके के पास अश्लील हरकतें और गाली-गलौज की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके अलावा, ठेके से महज 400 मीटर की दूरी पर गांव का राजकीय स्कूल भी है, जिससे स्कूल जाने वाली छात्राओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ठेके को तुरंत आबादी से बाहर किसी सुनसान जगह पर शिफ्ट किया जाए ताकि गांव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे।

- विधायक से भी मिले ग्रामीण

कैलाना गांव के ग्रामीण वीरवार को शराब का ठेका हटवाने की मांग को लेकर विधायक देवेंद्र कादियान से भी मिले। इस पर विधायक ने जिला आबकारी एवं कराधान अधिकारी को फोन कर ठेका स्थानांतरित करवाने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### पलवल : जेल में कैदियों के लिए गीता पाठ, जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा

**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष गर्ग**
**पलवल, 19 जून।** जिला कारागार में कैदियों के मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान के उद्देश्य से श्रीकृष्ण कृपा मंच द्वारा गीता पाठ कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। यह कार्यक्रम गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में लगातार तीसरे सप्ताह आयोजित किया गया है।
कार्यक्रम का संचालन प्रवीण ग्रोवर, राजीव बत्रा, संजय बत्रा और मंजीत डावर ने किया। गीता के सार को सरल और प्रेरक रूप में समझाने का कार्य विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने किया। उन्होंने गीता को एक ऐसा जीवनोपयोगी काव्य बताया जो न केवल आत्मचिंतन की राह दिखाता है, बल्कि व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है।
कार्यक्रम में श्रीमद्भागवत गीता के कर्मयोग, भक्ति योग और ज्ञान योग के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि ये शिक्षाएं कैदियों को न केवल वर्तमान चुनौतियों से जूझने में सहायक होंगी, बल्कि उन्हें जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण भी प्रदान करेंगी।
जिला कारागार के डीएसपी धर्मचंद नैन ने कहा कि गीता पाठ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक प्रेरक शैली है। उससे बंदियों को आत्मावलोकन करने और समाज में एक बेहतर, जिम्मेदार नागरिक बनकर लौटने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में विजय कालड़ा, जेल के कई कर्मचारी और विचाराधीन बंदी भी उपस्थित रहे। गीता पाठ के इस प्रयास को जेल प्रशासन और बंदियों दोनों ने सराहा।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के युवाओं को योग के साथ जोड़कर नशा से मुक्त प्रदेश बनाने के लक्ष्य को लेकर कर रहे हैं काम : तुषार सैनी



**लाड़वा 19 जून (विजय कौशिक)** : मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को योग युक्त और नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को योग के साथ जोड़कर नशा से मुक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार युवाओं को नशा के खिलाफ जागरूकता चला रहे हैं। हाल ही में साइक्लोथॉन प्रदेशभर में निकाली गई है। इसके बाद अब योग के माध्यम से नशा छोड़कर स्वास्थ्य की तरफ ध्यान दिया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
इसमें एक लाख लोगों की भागीदारी होगी और अधिकतर युवा वर्ग शामिल होगा। इससे पहले 15 जून को कुरुक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय मैराथन भी निकाली गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार युवाओं को लेकर चिंतित हैं और युवा वर्ग के लिए कई नीतियों को बना रहे हैं।
मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी ने कहा कि युवाओं को नशा छोड़कर खेलों और योग की तरफ ध्यान देना चाहिए। युवा देश का महत्वपूर्ण अंग है, देश का भविष्य है। जिसको जागरूक रहने की जरूरत है।

### रेलवे रोड स्थित विश्वकर्मा मन्दिर में रक्तदान शिविर आज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
लायन्स क्लब गन्नौर व विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार के संयुक्त तत्वाधान में जे के संस्था द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 20 जून को आज रेलवे रोड विश्वकर्मा मन्दिर में किया जाएगा। यह जानकारी क्लब के सचिव विजय कुमार व जे के लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के अधिकारी दीपक कुमार, ईश्वर सिंह ने दी। क्लब के पदाधिकारी सोनू गोयल ने बताया कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।

# संकल्प से सिद्धि व सिद्धि से समृद्धि तहत लाड़वा व गुढ़ा में हुए कार्यक्रम




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 19 जून (विजय कौशिक)** संकल्प से सिद्धि व सिद्धि से समृद्धि तक कार्यक्रम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस, आपातकाल के काले अध्याय का 50 वर्ष पूरे होने पर लाड़वा रामकुंडी मे भाजपा संघठन का कार्यक्रम किया गया। जिसमे कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। उन्होंने पार्टी की नीतियों के बारे मे बताया और 21 जून हो होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि ये योग दिवस एक रिकार्ड कायम करेगा। साथ ही पशुधन विभाग के चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर ने विस्तार से भाजपा की नीतियों और सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। डॉक्टर गणेश ने भी मंच के द्वारा सरकार की नीतियों का प्रचार किया व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच के बारे मे कार्यकताओं को बताया। साथ ही मुख्यमंत्री नायब सैनी के मिलनसार स्वभाव व उनके कार्य करने के तरीके की सराहना। वहीं लाड़वा विधानसभा के गुढ़ा मण्डल मे भी मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के प्रतिनिधि कैलाश सैनी जी गुढ़ा मण्डल के गाँव गुढ़ा पहुंचे। उन्होंने वहाँ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे लोगों को जागरूक किया व साथ ही 21 जून को कुरुक्षेत्र मे होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए हल्का वासियों को न्योता दिया। इस अवसर पर पशुधन विभाग के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि श्री कैलाश सैनी, शाहबाद से सुभाष कलसाना, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, श्रीमती कवलजीत कौर, डॉक्टर गणेश दत्त, लाड़वा मण्डल अध्यक्ष शिव गुप्ता, अंकुश गोयल, अमरजीत डांगी जी, गुढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देबखेड़ा, मंडल महामंत्री जगदीप सैनी, विजय गाबा, यशपाल ध्यांगला, नैब सिंह पटाकमाजरा और राजकुमार सैनी, अमन सिंगला, राहुल छलोंदी के साथ भारी संख्या मे भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जजपा के सदस्यता अभियान के तहत बनाए प्राथमिक सदस्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**
जननायक जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की शुरुआत गन्नौर के गांव बली कुतुबपुर और भांवर से की गई। जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा की नेतृत्व में कार्यकताओं को प्राथमिक सदस्य बनाकर अभियान को आगे बढ़ाया गया। गांव भांवर में हुए कार्यक्रम में 88 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने सदस्यता ग्रहण की और जननायक ताऊ देवीलाल को याद करते हुए बताया कि उन्होंने बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना शुरू की थी। इस अवसर पर उनकी तीसरी पीढ़ी ने भी पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर हलका अध्यक्ष सियानंद त्यागी, प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सुधीर धनखड़, भानेराम, पूर्व हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी सहित अन्य मौजूद रहे।

# पिकअप एवं ट्रक की टक्कर में दो दर्जन से अधिक घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** गुरुग्राम अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर राजस्थान - हरियाणा की सीमा के नजदीक रावली गांव के पास पिकअप एवं ट्रक की टक्कर में एक ही गांव में परिवार के करीब 20 - 25 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों में महिला, बच्चे, बुजुर्ग सभी शामिल हैं। इनमें से इलाज के लिए एक ही परिवार के नौ लोगों को अल आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा लाया गया है। जिनमें से दो की हालत नाजुक बताई जा रही है।
इसके अलावा कुछ घायलों को राजस्थान के अलवर ले जाने की खबर मिल रही है। हादसा इतना भयानक था कि दोनों वाहनों में भी खासा नुकसान हुआ है और घटनास्थल पर घायल हुए महिला, बच्चे, बुजुर्ग सड़क पर पड़े हुए दर्द से करहा रहे हैं। चीख पुकार मची हुई है। भीड़ ने तुरंत उनको अस्पताल पहुंचाने का काम किया है। डॉक्टर घायलों के इलाज में जुटे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक राजस्थान के कोलानी गांव से पिकअप में सवार होकर तकरीबन 20 - 25 से अधिक लोग अपने रिश्तेदारी में मौत हो जाने पर मिट्टी देने के लिए नूंह जिले के महू गांव में आए थे।

# विजिलेंस रेड की गलत सूचना, पटवारी कार्यालय बंद कर भागे, लोग बैरंग लौटे




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** वीरवार को गन्नौर के पुराना तहसील परिसर स्थित पटवारखाने में उस समय हड़कंप मच गया जब विजिलेंस की रेड गलत की सूचना पर पटवारी और कानूनगो अपने-अपने कार्यालय बंद कर मौके से गायब हो गए। सुबह करीब 11 बजे अचानक सभी पटवारियों ने कार्यालयों के बाहर ताले लगा दिए और परिसर छोड़कर चले गए। कार्यालयों के बंद होने से जमीन से जुड़े कार्यों के लिए आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुशील, विनोद और रामेश्वर सहित कई लोगों ने बताया कि वे अपनी जमीन की जमाबंदी और अन्य कागजी कार्यों के लिए सुबह से कार्यालय के चक्कर काटते रहे, लेकिन कहीं कोई कर्मचारी नजर नहीं आया।
दोपहर बाद जब वे दोबारा पटवारखाने पहुंचे, तब भी सभी कमरों के बाहर ताले लटके हुए मिले। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें कहीं से गलत जानकारी मिली कि विजिलेंस की छापेमारी की आशंका के चलते ही सभी कर्मचारी कार्यालय छोड़कर चले गए। बाद में जब पटवारी आश्वस्त हुए तब वह अपने कार्यालय में लौटे।

# फियोना ट्रस्ट का शुभारम्भ 23 जून को हवन यज्ञ के साथ : किल्सन

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
फियोना ट्रस्ट का शुभारम्भ 23 जून को हवन यज्ञ के साथ किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट की पदाधिकारी बबीता किल्सन ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य जरूरतमंदो की मदद करना, उत्पीड़ित और अत्याचारों के खिलाफ आवाज को उठाना आदि सामाजिक कार्य करना है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के कार्यालय के शुभारम्भ अवसर पर सत्यवती शिक्षा निकेतन के पास तिगीपुर रोड बख्तावरपुर में बच्चों को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन के निर्माणाधीन चैम्बर का विधायक ने किया निरीक्षण

**वाटर पाइप**

**जलभराव न हो, इसके लिए नगरपालिका डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन बिछा रही है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पांची रोड पर जलभराव न हो, इसके लिए नगरपालिका करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन बिछा रही है। यह लाइन पांची रोड से एसटीपी तक लगभग 2 किलोमीटर लंबी है। खेड़ी रोड पर इसका मेनहोल बनाया जा रहा है। मानसून से पहले काम पूरा हो, इसके लिए हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। विधायक ने काम में ढिलाई पर ठेकेदार को फटकार लगाई। नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि काम तेज गति से पूरा करें। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहतर हो, इसका भी ध्यान रखने को कहा। विधायक ने कहा कि शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नालों की सफाई जरूरी है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि खेड़ी रोड पर पाइप लाइन दबाते समय पेयजल लाइन बार-बार लीक हो रही है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि काम बेहतर तरीके से कराया जाएगा, ताकि समस्या खत्म हो सके। नपा सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि चैंबर बनाने की जगह पर तकनीकी दिक्कत आ रही है। इसे दूर कर दो दिन में काम पूरा कर लिया जाएगा। नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी किया गया है। विधायक कादियान ने कहा कि खेड़ी रोड से पांची रोड और एसटीपी तक बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। इससे जलभराव की समस्या खत्म हो सके। निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां दिखीं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। कादियान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का विकास ही उनका पहला लक्ष्य है। सरकार के सहयोग से क्षेत्र को विकास कार्यों की सौगात दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

# पेयजल लाइन टूटने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित जाट धर्मशाला के पास पेयजल लाइन के टूट जाने से हजारों लीटर पानी रोड पर बह गया। इससे गांधी नगर रहने वाले लोगों के घरों पर पानी की सप्लाई बाधित रही। लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लाइन काफी समय से क्षतिग्रस्त थी, जिससे पानी व्यर्थ बह रहा था। स्थानीय लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत दे कर जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की। जानकारी मिलते ही जनस्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करने का कार्य शुरू किया। विभागीय कर्मचारियों ने खोदाई कर पाइपलाइन को जोड़ने का प्रयास किया।

# मानवता की सेवा में समर्पित अन्नपूर्णा रसोई– पलवल अस्पताल में नि:शुल्क भोजन की मिसाल



**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष गर्ग**
पलवल, 19 जून। झ समाज सेवा की अद्वितीय मिसाल बनी भारत विकास परिषद पलवल शाखा की अन्नपूर्णा रसोई ने गुरुवार को निस्वार्थ सेवा के अपने गौरवपूर्ण आठ वर्ष पूर्ण कर लिए। इस विशेष अवसर पर नागरिक अस्पताल, पलवल परिसर में स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत वैदिक हवन-यज्ञ के साथ हुई। यज्ञ में उपस्थित गणमान्य जनों ने आहुतियां अर्पित कर रोग मुक्त समाज और जनकल्याण की प्रार्थना की।
सेवा की शुरूआत और उद्देश्य
इस पुनीत सेवा की शुरूआत 19 जून 2017 को की गई थी। अन्नपूर्णा रसोई का मुख्य उद्देश्य पलवल नागरिक अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को प्रतिदिन नि:शुल्क, स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। यह रसोई न केवल भूख मिटाती है, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों को भावनात्मक संबल भी प्रदान करती है।
पिछले आठ वर्षों में अन्नपूर्णा रसोई ने हजारों मरीजों और उनके परिजनों को भोजन की सुविधा देकर उनकी कठिनाई को कम किया है। यह सेवा अब जनमानस में एक आदर्श सेवा अभियान के रूप में पहचानी जाती है, जिसकी सराहना सभी स्तरों पर की जाती है।गौरवशाली उपस्थिति
समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पलवल के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ उपस्थित रहे। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. जय भगवान जाटान, पूर्व विधायक दीपक मंगला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विमल कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता, तथा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे।
समारोह के दौरान परिषद ने प्रशासन से आग्रह किया कि अस्पताल परिसर में पूर्व में संचालित ह्य10 थाली योजनाह्व का संचालन एक बार फिर परिषद को सौंपा जाए।
इस पर उपायुक्त डॉ. वशिष्ठ ने सकारात्मक संकेत देते हुए आश्वस्त किया कि यदि नियमों के अंतर्गत संभव हुआ, तो प्रशासन इस सेवा को फिर से परिषद को सौंपने में सहर्ष सहयोग करेगा।सम्मान एवं कृतज्ञता
इस अवसर पर भारत विकास परिषद की ओर से सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अन्नपूर्णा रसोई की सेवा भावना की प्रशंसा की और इसके निरंतर संचालन की शुभकामनाएं दीं।
भोजन वितरण के साथ समापन
समारोह का समापन विशेष भोज के वितरण के साथ हुआ, जिसमें मरीजों और उनके परिजनों को सादगीपूर्ण वातावरण में प्रेमपूर्वक भोजन परोसा गया। इस दौरान परिषद के सदस्य स्वयं सेवा में जुटे रहे, जिससे मानवीय संवेदनाओं की जीवंत झलक देखने को मिली।

# पलवल में स्टूडेंट ने बनाई फिलामेंट बनाने की मशीन: प्लास्टिक बोतल का किया इस्तेमाल




**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष गर्ग**
पलवल, 19 जून। पलवल जिले के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीटेक स्टूडेंट्स ने प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक अनूठी मशीन विकसित की है। यह मशीन प्लास्टिक की बोतलों को 3डी प्रिंटर के लिए फिलामेंट में बदल देती है। मशीन की लागत मात्र 2 हजार रुपए है। बाजार में ऐसी मशीनें लाखों रुपए में मिलती हैं।

**गुणवत्ता और मोटाई को एक समान**

जानकारी के अनुसार मशीन में थ्रेडिंग यूनिट, हीटिंग और एक्सट्रूशन सिस्टम तथा कूलिंग व्यवस्था है। यह सिस्टम फिलामेंट की गुणवत्ता और मोटाई को एक समान बना रहता है। छात्रों ने मुख्य रूप से पीईटी बोतलों पर काम किया है। ये बोतलें आमतौर पर कोल्ड ड्रिंक्स और पानी की पैकेजिंग में इस्तेमाल होती हैं।

कुलपति ने दी बधाई

इस प्रोजेक्ट में अजय साहू, रिया, पूजा, किरण, भावना, साक्षी और आरती शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने स्टूडेंट्स को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह मशीन युवाओं के लिए स्वरोजगार का जरिया बन सकती है।

# कोर कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के** शकूर बस्ती इलाके के हरियाणा मैत्री भवन में दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ।

जिसकी अध्यक्षता कोर कमेटी के मुख्य संरक्षक राजीव बब्बर भाजपा नेता तथा संजय गहलोत चेयरमैन दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने की।

इस समारोह में दिनांक 15 जून 2025 को दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से चुने गये नये अध्यक्ष नरेश पिव्हाल सहित अन्य पदाधिकारीगण अपने संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे। इस चुनाव की सार्थकता को सिद्ध करने के लिए कोर कमेटी में शामिल सभी सहयोगी संगठनों ने अपने-अपने संगठन के लेटर पैड पर शपथ-पत्र लिखित रूप में देकर कोर कमेटी के साथ काम करने का संकल्प जाहिर किया गया और साथ ही चलने का वादा किया गया। समारोह में कोर कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश पिव्हाल ने सभी नवनिवार्चित पदाधिकारियों और सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ताओं का फूलमाला व पगड़ी से स्वागत सत्कार किया। उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट जोकि एक सामाजिक संस्था है और इस संस्था को दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के सभी सहयोगी संगठनों ने लिखित रूप में यह अधिकार दे रखा है कि हर वर्ष दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी का चुनाव सिर्फ और सिर्फ ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के बैनर पर ही सम्पन्न होगा। इसकी प्रामाणिकता के लिए सभी संगठनों ने अपने-अपने लेटर पैड पर पत्र लिखकर दिल्ली नगर निगम के आयुक्त महोदय को लिखित रूप में सूचना दी है कि दिनांक 15 जून 2025 को जो कोर कमेटी के अध्यक्ष का चुनाव हुआ और उसमें नरेश पिव्हाल को सर्वसम्मति से कोर कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया है और वे एक वर्ष के लिए दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के अध्यक्ष रहेगें। इससे पूर्व कोर कमेटी के अध्यक्ष रहे राजकुमार धिगान ने कोर कमेटी के नियमों का पालन नहीं किया। इसलिए उनको उनके पद से निष्कासित कर दिया गया है और उनके द्वारा कराये गये दिनांक 14 जून 2025 को कराए गये चुनाव का भी बहिष्कार किया गया। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष नरेश पिव्हाल, प्रधान महासचिव संत लाल चावरिया ने दी।

इस कार्यक्रम में ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



मॉडल टाउन स्थित विधायक अशोक गोयल देवराहा के कार्यालय में ए ब्लॉक, लाल बाग क्षेत्र के फैक्ट्री मालिकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक के दौरान निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।

## भाजपा राज में जनता खुश, मिल रही है सुविधाएं: संजय तिवारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा नेता** संजय तिवारी ने कहा कि भाजपा में राज में दिल्ली की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल रही है और दिल्ली की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। श्री तिवारी ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे करती है, वह पूरे करके दिखाती है, यही कारण है कि आज भाजपा के राज में देश के लोग काफी खुश है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यों की सराहना कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद



है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। यही कारण है कि देश के लोग ही नहीं बल्कि विदेशी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है।

## एक तो पानी आता नहीं, आया तो गंदा बदबूदार जिसके पीने से है बीमारियों का डर: आदेश भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भीषण गर्मी में** बूंद बूंद पीने के पानी को तरस रहें हैं बुराड़ी के लोग। यह कहना है करावल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का।

उनका कहना है कि पूरी बुराड़ी विधानसभा में पिछले लगभग दो महीने से जल आपूर्ति ना के बराबर हो रही है। जिसके चलते क्षेत्रीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस सब की जानकारी मुझे कुछ अलग-अलग कालोनियों के निवासियों ने व्यक्तिगत रूप से मिलकर व फोन द्वारा दी है। बता दें कि आम जनों को हो रही मुश्किलों को देखते हुए



जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री कार्यालय पत्र लिखकर क्षेत्र में सुचारू रूप से साफ पानी की सप्लाई करने मांग की है। इस मामले पर बात करने पर आदेश भारद्वाज ने बताया कि उनको पिछले लगभग महीने भर से मुकुंदपुर, कंडक्टर कालोनी, बाबा कालोनी, सुनील कालोनी, तोमर कालोनी, अजीत विहार, प्रधान एनक्लेव, अमृत विहार, संतनगर व झड़ौदा जैसे इलाको से कुछ लोगो के पानी ना आने के, टैंकर सप्लाई न होने और कई जगह पानी तो आया लेकिन पाइप लाइनों से गन्दा पानी सप्लाई होने के फोन आ रहे थे, जबकि कई लोगों ने व्यक्तिगत रूप से भी इस समस्या से अवगत कराया।

मुझे लोगों ने बताया कि उनको मजबूरीवश प्राइवेट पानी सप्लायरों से बोतल जार का पानी खरीदकर प्रयोग करना पड़ रहा है।

# शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों से जुड़ी स्कॉलरशिप का करें प्रचार-प्रसार: रविन्द्र इंद्राज सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: समाज** कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने गुरुवार को सचिवालय में एससी/ एसटी/ ओबीसी छात्रों से जुड़ी स्कॉलरशिप योजनाओं और अन्य सुविधाओं को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इन्द्राज ने एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण अधिकारियों को शिक्षा विभाग और दिल्ली के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर स्कॉलरशिप योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के आदेश दिए। उन्होंने बैठक में मिले सुझावों के अनुरूप स्कॉलरशिप के आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने के लिए भी कहा। बैठक में दिल्ली के प्रमुख विश्वविद्यालयों से आए कुलपति व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से एससी/ एसटी/ओबीसी छात्रों को मिलने वाली आर्थिक मदद व अन्य सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि इन सुझावों को राज्य की योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए शामिल किया जाएगा। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीब और वंचित वर्ग को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प और भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर जी के सपनों को पूरा करना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है।

पिछली सरकार की अनदेखी के कारण ज्यादातर स्कॉलरशिप योजनाओं के आवेदन पेंडिंग रहे और छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल सका। हमारी सरकार में इन पेंडिंग आवेदनों का निस्तारण तेजी से हुआ है। वर्ष 2023-24 से 2024-2025 तक के ट्यूशन फीस के पुनर्भुगतान, मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रतिभा योजना, बी आर आंबेडकर स्टेट टॉपर अवॉर्ड, प्री मैट्रिक/ पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम, मेरिट स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एण्ड यूनिवर्सिटीज स्टूडेंट्स, विदेश पढ़ने जाने वाले एससी छात्रों को आर्थिक सहायता जैसी योजनाओं के लंबित आवेदनों में 52 फीसदी आवेदनों को स्वीकृति पिछले तीन महीनों में मिली है।

मंत्री रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि पूर्व सरकार में उपेक्षाओं के चलते एससी/एसटी छात्र-छात्राओं के हॉस्टल बंद हो गए और उन्हें बेहद चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## जॉब फेयर में 3391 बेरोजगारों की नियुक्ति राहुल गांधी के सपने को साकार करने के लिए एक पहल है: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राहुल गांधी के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बेरोजगारी से जूझ रहे 12वीं पास से लेकर तकनीकी विशेष सहित मास्टर डिग्री प्राप्त दिल्ली के हजारों युवाओं को एक छत के नीचे रोजगार के अवसर देने के लिए नई दिशा के तहत तालकटोरा स्टेडियम में मेगा जॉब फेयर आयोजित किया। मेगा जॉब फेयर की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। कांग्रेस पार्टी ने युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए 100 से भी अधिक कम्पनियां को



आमंत्रित किया था जिन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाकर मौके पर ही युवाओं के साक्षात्कार करके उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी दी गई। आज के मेगा जॉब फेयर में 3391 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में नौकरी दी।

## मोदी के नेतृत्व में इन 11 सालों में भारत ने छुई बुलंदियां: सचिन शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मोदी सरकार** के 11 साल को चौतरफा उपलब्धियों सहित अनेकों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए है। मोदी सरकार के इस कालखंड को जनसेवा के संकल्प, साधना और समर्पण के रूप में रेखांकित किया। इसके साथ ही आनंद विहार मंडल से मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि इन 11 सालों में विकास तेजी के साथ हुआ है इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक, सामाजिक, दूरदर्शी नेतृत्व और आर्थिक बदलावों के लिए सराहना की। शर्मा ने कहा कि



इन 11 सालों में देश ने आर्थिक उत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। पहली बार लोगों ने देखा कि जब नेतृत्व स्पष्ट, संकल्प अडिग और नीयत लोकसेवा की होती है, तब सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं। सचिन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में उनके द्वारा बनाई गई योजनाए धरातल पर ही धराशाही रही और उस समय न नीतियां थीं, न नेतृत्व था और सरकार में घोटाले चरम पर थे।

शर्मा ने कहा कि अब का भारत पहले जैसा भारत नहीं है जो आतंकवादी हमले के बाद शांत बैठा रहे और हमारे देश के अनेक सैनिकों के शहीद होने का इंतजार करता रहे, आज भारतीय सेना दुश्मनों को चेतावनी देते हुए घर में घुसकर मारती है।





दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित रोजगार मेले में वजीरपुर विधानसभा से नौजवान युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़ कर रोजगार मेले में भाग लिया। इस दौरान युवाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस कार्यक्रम में वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता अपनी टीम के साथ भाग लेते हुए।

# बुराड़ी: मुकुंदपुर मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा का हुआ आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी** विधानसभा क्षेत्र के मुकुंदपुर मंडल में मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 11 साल कार्यकाल पूरे होने के मौके पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 307, 308, 309, 310, 311, 312, 304 ,305 ,306, 317, 318, 319 पर किया गया। सभा का आयोजन मुकुंदपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम कश्यप के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुकुंदपुर मंडल के सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, त्रिदेव सहित मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए कश्यप ने सभा में आए हुए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही विक्रम कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार के यह 11 साल सफलता पूर्वक पूरे हुए है तथा इन 11 सालों में दिल्ली ही नहीं समूचे देश ने हर मामले में बुलंदियों को छुआ है। आज का भारत 2014 से पहले का भारत नही है, अब भारत बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश के गरीबों व निचले स्तर तक के लोगों को आर्थिक रूप से किसी न किसी तरह लाभ ही पहुंचाया है, अब देश का युवा बेरोजगार नहीं भटक रहा है, क्योंकि सरकार ने स्कील इंडिया के तहत सभी को रोजगार देने का काम किया है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## भारत की अंडर-23 टीम ताजिकिस्तान के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले में 2-3 से हारी



**नई दिल्ली।** तुरसुंजोदा स्थित टेल्को एरीना में बुधवार को खेले गए एक अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना फुटबॉल मुकाबले में भारत की अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम को ताजिकिस्तान के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। मोहन बागान सुपर जाइंट्स के फॉरवर्ड सुहैल अहमद भट ने 33वें मिनट में गोल कर भारत को शुरूआती बढ़त दिलाई। यह गोल मैकार्टन की तेज रफ्तार से दाहिनी ओर से भेजी गई लो क्रॉस पर हुआ, जिसे सुहैल ने एक ही टच में गोल में तब्दील कर दिया। हालांकि, भारत को जल्द ही झटका लगा जब एफसी गोवा के मिडफील्डर आयुष देव छेत्री को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर कर दिया गया। इसके बाद 59वें मिनट में मुसो खाखोरोव की क्रॉस पर अंसोर खबीबोव ने गोल कर ताजिकिस्तान को बराबरी दिला दी। हालांकि, 85वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई ने मोहम्मद ऐमन के पास पर गोल करते हुए भारत को एक बार फिर से बढ़त दिलाई। ऐमन ने हाफलाइन के पास से इंटरसेप्शन किया और सटीक थ्रू बॉल पर पार्थिब ने गोलकीपर को चकमा देकर गेंद को नेट में डाला। लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। इंजरी टाइम में मेजबान टीम ने दो सेट-पीस पर गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पहले मुहम्मदइकबोल ने अबूबाकर सुलेमोनोव की फ्री-किक पर गोल कर स्कोर 2-2 किया, फिर अजीजबोएव ने कॉर्नर किक पर हेडर के जरिए विजयी गोल दागा। ब्लू कोल्ट्स के लिए यह मैच सितंबर में होने वाले एफसी अंडर-23 एशियन कप 2026 क्वालिफायर्स की तैयारियों का हिस्सा है।

## हैम्पशायर काउंटी क्लब ने तिलक वर्मा के करार की पुष्टि की, चार रेड-बॉल मुकाबलों के लिए टीम में चयन



**नई दिल्ली।** हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने भारतीय युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा के साथ करार की पुष्टि की है। तिलक रेड-बॉल क्रिकेट के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे और काउंटी चैम्पियनशिप के अगले चार मुकाबलों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका पहला मुकाबला 22 से 25 जून तक एसेक्स के खिलाफ चेल्म्सफोर्ड में होगा। भारतीय टीम की ओर से 29 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक वर्मा ने अब तक 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 749 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक शामिल हैं, जो नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार पारियों में आए थे। इसके अलावा उन्होंने तीन अर्धशतक भी जड़े हैं, जिसमें साल की शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 72* रनों की पारी शामिल है। टी20 और खासकर आईपीएल में अपने प्रदर्शन के लिए चर्चित तिलक ने 2019 में छोटे फॉर्मेट में पदार्पण किया था। 2022 में मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपनी टीम में शामिल किया और तब से उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 54 मैचों में लगभग 1500 रन बनाए हैं। उनका औसत 37.47 और स्ट्राइक रेट 144.41 है। जून 2025 तक तिलक वर्मा टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भी पूर्ण सदस्य देश के बल्लेबाजों में सबसे ऊंचे औसत (49.93) के साथ शीर्ष पर हैं। हैम्पशायर के क्रिकेट निदेशक जाइल्स व्हाइट ने एक बयान में कहा, "तिलक जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी को अगले चार मुकाबलों के लिए टीम में पाकर हम बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच और आईपीएल में अपनी काबिलियत साबित की है, और अब हम उन्हें हैम्पशायर के लिए खेलते देखने को उत्सुक हैं।" रेड-बॉल क्रिकेट में भी तिलक वर्मा का रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने अब तक 18 फर्स्ट-क्लास मैच खेले हैं, जिसमें इंडिया ए के लिए दलीप ट्रॉफी और इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दो मैच शामिल हैं।

उन्होंने 50.16 के औसत से 1200 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। हैम्पशायर इस समय काउंटी चैम्पियनशिप डिविजन वन में सातवें स्थान पर है। पिछले सीजन में क्लब ने 2005 के बाद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान हासिल किया था। तिलक वर्मा की घरेलू मैदान पर पहली उपस्थिति 29 जून से 2 जुलाई के बीच वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ होगी।

# बुमराह का चलना जरूरी, उनके खिलाफ हमेशा खामोश रहा है जो रूट का बल्ला

**लंदन :** भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट लीड्स में शुक्रवार से शुरू होगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में एक युवा टीम इंडिया इस दौरे पर गई है। इसी के साथ टीम इंडिया के एक नए युग की शुरूआत हो जाएगी। इस सीरीज में काफी कुछ भारत के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर निर्भर होगा। वहीं, इंग्लैंड की टीम भी काफी हद तक अपने सबसे अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पर निर्भर होगी। ऐसे में जब ये दोनों आमने-सामने आएंगे तो दिलचस्प टक्कर देखने को मिलेगी। पिछली कुछ सीरीज में बुमराह रूट पर भारी साबित हुए हैं। ऐसे में अगर बुमराह इस सीरीज में चलते हैं और रूट का विकेट आसानी से निकालने में कामयाब होते हैं तो टीम इंडिया के लिए मौका बन सकता है। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में वन मैन आर्मी रहे थे। उन्होंने इस दौरे पर 32 विकेट निकाले थे। भारत ने जो एकमात्र टेस्ट जीता था, उसमें बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी। वहीं, भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट भी जीत जाती अगर बुमराह चोटिल होकर







मैदान से बाहर नहीं गए होते। अब वह इंग्लैंड की परिस्थितियों में भी उस कमाल को दोहरा सकते हैं। इंग्लैंड की पिच भी तेज गेंदबाजों को मदद करती है। रूट के लिए उन्हें खेलना आसान नहीं होगा। बुमराह ने टेस्ट में रूट को 24 पारियों में नौ बार आउट किया है। रूट टेस्ट में बुमराह के सबसे पसंदीदा शिकार रहे हैं। इसके बाद पैट कमिंस (8 बार) और ट्रेविस हेड (6 बार) का नंबर आता है। बुमराह ने रूट को एक बार बोल्ड, चार बार कैच आउट, एक बार विकेट के पीछे कैच कराया है। तीन बार बुमराह ने रूट को एल्बीडब्ल्यू आउट किया है। वहीं, रूट बुमराह के खिलाफ 31.77 की औसत से 286 रन ही बना सके हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 51.16 का रहा है। बुमराह के खिलाफ रूट ने कुल मिलाकर 559 गेंदों का सामना किया है और 411 डॉट गेंदें खेली हैं। रूट ने भारतीय तेज गेंदबाज के खिलाफ 36 चौके लगाए हैं। ऐसे में दोनों के बीच इस सीरीज में दिलचस्प टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों ही खिलाड़ी मिशन पर हैं। एकतरफ बुमराह एएठअ देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) में 150 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनने से पांच विकेट दूर हैं। इतना ही नहीं एक पांच विकेट हॉल से वह एएठअ देशों में 10 बार पांच विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन जाएंगे। वहीं, रूट मौजूदा समय में टेस्ट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 13,006 रन बनाए हैं। वह सचिन तेंदुलकर के टेस्ट में सबसे ज्यादा 15,921 रनों का पीछा कर रहे हैं। रूट सचिन के टेस्ट रन से केवल 2915 रन दूर हैं। जिस गति से वह रन बना रहे हैं और जिस फॉर्म में वह हैं, अगर वह फिट रहे और उनकी फॉर्म में गिरावट नहीं आई तो अगले तीन-चार साल में सचिन को पीछे छोड़कर टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। रूट ने 2021-23 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 1915 रन और 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में 1968 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, रूट टेस्ट में 36 शतक लगा चुके हैं और वह सचिन के 51 शतक, जैक कैलिस के 45 शतक और रिकी पोंटिंग के 41 शतक से कुछ ही कदम दूर हैं। बुमराह और रूट में कौन एक दूसरे पर हावी होगा।

## वाल्वरडे ने गंवाया पेनल्टी मौका, अल हिलाल ने रियल मैड्रिड को ड्रॉ पर रोका



**मियामी।** फेडेरिको वाल्वरडे द्वारा इंजरी टाइम में पेनल्टी चूकने के चलते रियल मैड्रिड को फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 में सऊदी अरब की टीम अल हिलाल के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। यह मुकाबला बुधवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला गया, जिसमें 62,415 दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद थी। रियल मैड्रिड के लिए यह नया युग था, क्योंकि क्लब के नए मैनेजर जाबी अलोंसो की यह पहली आधिकारिक मुकाबला थी, लेकिन शुरूआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। वहीं अल हिलाल की कमान पहली बार संभाल रहे इटली के कोच सिमोने इंजागी ने अपने डेब्यू मुकाबले में टीम से शानदार प्रदर्शन करवाया। अल हिलाल ने मुकाबले की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की और 19वें मिनट में सलेम अलदोसारी के वॉली पर मार्कोस लियोनार्डो का शॉट जरा सा बाहर चला गया। रेनान लोडी ने भी नेट में गेंद डाली, लेकिन वह प्रयास ऑफसाइड करार दिया गया। रियल धीरे-धीरे मैच में लौटने लगा और 31वें मिनट में रॉड्रिगो का शॉट बार के ऊपर से गया। आखिरकार 34वें मिनट में रियल को बढ़त मिली जब गैरमौजूद शानदार काउंटर अटैक के दौरान रॉड्रिगो की क्रॉस पर बढ़िया फिनिश कर गोल दागा।

## सीपीएल: डिफेंडिंग चैंपियन सेंट लूसिया किंग्स ने टिम डेविड के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के लिए डिफेंडिंग चैंपियन सेंट लूसिया किंग्स ने आईपीएल विजेता टिम डेविड को ड्राफ्ट के पहले राउंड में अपनी टीम में शामिल किया है। हालांकि, टीम इस बार अपने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के बिना मैदान में उतरेगी, जिन्होंने इस बार सीपीएल के बजाय ह्यद हंड्रेडह्ल में खेलने को प्राथमिकता दी है। डु प्लेसिस सदर्न ब्रेव के लिए खेलेंगे, जो कि आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर ग्रुप की संभावित नई संपत्ति है। जीएमआर ग्रुप ने पिछले साल होस्ट काउंटी हैम्पशायर का अधिग्रहण किया था।



**मोईन अली सीपीएल में, राशिद खान बाहर:** इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली, जिन्होंने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, इस बार ह्यद हंड्रेडह्ल छोड़कर सीपीएल खेलेंगे। उन्हें गयाना अमेजन वॉरियर्स ने सातवें राउंड में दोबारा साइन किया। वहीं इमरान ताहिर (46 वर्ष) को भी अमेजन वॉरियर्स ने पहले पिक के रूप में बनाए रखा। दिग्गज स्पिनर राशिद खान इस बार भी सीपीएल में नहीं खेलेंगे, लेकिन अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति बनी रहेगी। एएम गजनफर, जो इस समय टी20 ब्लास्ट में डबीर्शायर के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, फाल्कन्स में शामिल होंगे।

अन्य प्रमुख ट्रांसफर और साइनिंग त्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने मोहम्मद आमिर और पहली बार खेलने जा रहे उस्मान तारीक को साइन किया है। फाल्कन्स ने इमाद वसीम और शाकिब अल हसन को अपनी शुरूआती पसंद के रूप में जोड़ा। बारबाडोस रॉयल्स के लिए मुझेब उर रहमान और अजमतुल्लाह ओमारजई वापसी करेंगे। ग्लेन फिलिप्स अमेजन वॉरियर्स में शामिल होंगे, जबकि टिम सिफर्ट किंग्स में बने रहेंगे। कोलिन मुनरो और डैरेन ब्रावो टीकेआर में वापसी करेंगे, जहां ड्वेन ब्रावो अब मुख्य कोच की भूमिका में होंगे। ब्रेकआउट लीग से उभरते खिलाड़ियों को मौका सीपीएल 2025 में हर फ्रेंचाइजी को हर मैच में ब्रेक आउट लीग का कम से कम एक खिलाड़ी खिलाना अनिवार्य होगा। इससे फ्रेंचाइजी को अपनी प्लेइंग इलेवन में पांच विदेशी खिलाड़ी शामिल करने का विकल्प भी मिलेगा। सेंट लूसिया किंग्स ने लोकल खिलाड़ी अकीम ऑगस्टे को दोबारा टीम में शामिल किया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो लीजियंस को ब्रेकआउट लीग खिताब जिताने वाले कप्तान जोशुआ डा सिल्वा अब अपने घरेलू फ्रेंचाइजी टीकेआर से जुड़ेंगे।

## फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कपः पहले दिन कर्नाटक, तमिलनाडु और पंजाब की धमाकेदार जीत



**चेन्नई।** चेन्नई में शुरू हुए फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 में पहले दिन महिला और पुरुष वर्ग में कुल चार मुकाबले खेले गए, जहां हॉकी कर्नाटक, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु और हॉकी पंजाब ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, महिला वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र को हॉकी हिमाचल के खिलाफ आधिकारिक फॉरफिट के जरिए 5-0 की जीत मिली। कर्नाटक ने रचा इतिहास, स्नेहा की हैट्रिक से 7-0 की बड़ी जीत महिला वर्ग के पहले मुकाबले में हॉकी कर्नाटका ने केरल हॉकी को 7-0 से रौंदा। इस मुकाबले में स्नेहा सी (15, 17, 50) ने टूनार्मेंट की पहली हैट्रिक लगाई और टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। कप्तान के.के. कृतिक (42, 55) ने दो गोल किए, जबकि उषा विनायकुमार (22) और जोसेफिन लोरे सिक्वेरा (50) ने भी एक-एक गोल दागा।

**महाराष्ट्र को मिला वॉकओवर:** दूसरे महिला मुकाबले में हॉकी महाराष्ट्र को हॉकी हिमाचल के खिलाफ आधिकारिक वॉकओवर मिला, जिसके तहत उन्हें 5-0 से विजेता घोषित किया गया।

**पंजाब ने रोमांचक मुकाबले में ले पुडुचेरी को हराया:** पुरुष वर्ग में हॉकी पंजाब और ले पुडुचेरी हॉकी के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने 3-2 से जीत दर्ज की।

## क्या राणा की जगह कंबोज को मिलना चाहिए था मौका? प्रथम श्रेणी में हर मामले में हर्षित से बेहतर अंशुल

**नई दिल्ली :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत शुक्रवार से होने जा रही है। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया ने अपने स्क्वॉड में तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भी जोड़ा। हालांकि, उन्हें शामिल करने को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच नाराजगी है। दरअसल, भारतीय टीम का जब चयन हुआ था तो दो पेस बॉलिंग ऑलराउंडर और पांच मुख्य तेज गेंदबाजों को शामिल किया गया था। ऐसे में एक और तेज गेंदबाज को शामिल करने पर सवाल उठ रहे हैं। खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हर्षित का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। इसके बावजूद उन्हें एक और मौका दिया गया है। कुछ लोगों को मानना है कि हर्षित पर अंशुल कंबोज को तरजीह दी जा सकती थी, क्योंकि घरेलू टूनामेंट्स में अंशुल का प्रदर्शन बेहतर रहा है। हर मामले में वह हर्षित पर भारी रहे हैं। हर्षित की तरह अंशुल भी हिट द डेक गेंदबाज हैं यानी पिच पर गेंद को जोर से पटक कर सीम हासिल करते हैं। ऐसे में 24 साल के कंबोज को उनके प्रदर्शन के आधार पर मौका मिलना चाहिए था। यहां तक कि भारत के पूर्व क्रिकेटर डोडा गणेश ने भी कंबोज पर हर्षित को तरजीह दिए जाने की आलोचना की है।



ये दोनों हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत-ए टीम का हिस्सा थे। कंबोज ने दोनों मैच खेला था, जबकि हर्षित को एक मैच में मौका मिला था। कंबोज ने दो मैचों में पांच विकेट झटके थे, जबकि हर्षित को एक मैच में एक विकेट मिला था। कंबोज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत-ए के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। भारत के पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हर्षित को दो टेस्ट खेलने का मौका मिला था, लेकिन वह सिर्फ चार विकेट ले पाए थे। उन्होंने कुल मिलाकर 45 ओवर गेंदबाजी की थी और 203 रन खर्च किए थे। उनका गेंदबाजी औसत 50.75 का और स्ट्राइक रेट 67.50 रहा, जो कि बेहद खराब था। जिस देश में तेज गेंदबाजों के लिए भरपूर मदद है, वहां हर्षित के सिर्फ चार विकेट लेने पर उनकी आलोचना हुई थी। आलोचना से बचाने के लिए टीम मैनेजमेंट ने उन्हें प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया था। हर्षित पर गंभीर के करीबी होने के आरोप भी लगते रहे हैं, क्योंकि 2024 में जब कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल का खिताब जीता था तो हर्षित उस टीम का हिस्सा थे, जबकि गंभीर मेंटर। हर्षित के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आंकड़े की बात करें तो उन्होंने 13 मैचों में 48 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 27.79 का और इकोनॉमी 4.03 का रहा। हर्षित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में हर 41 गेंद में विकेट (गेंदबाजी स्ट्राइक रेट) लिया है। उन्होंने दो बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। हर्षित का प्रथम श्रेणी मैच की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 45 रन देकर सात विकेट रहा है। एक प्रथम श्रेणी मैच में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 108 रन देकर 10 विकेट है।

## नायर के साथ लंबे समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं राहुल

**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत शुक्रवार से होने जा रही है। लीड्स में खेले जाने वाले शुरूआती टेस्ट से पहले केएल राहुल का बयान सामने आया है। उन्होंने करुण नायर के साथ लंबे समय तक टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा जताई है। राहुल ने कहा कि वह नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं।

राहुल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे।

## नायर की टेस्ट टीम में वापसी पर बोले केएल राहुल- ₹उसकी वापसी वाकई काबिल-ए-तारीफ है

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। इस सीरीज में इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलने वाले बल्लेबाज केएल राहुल और करुण नायर एक बार फिर भारत की टेस्ट जर्सी में नजर आएंगे। उनके साथ स्पिनर कुलदीप यादव भी इस विदेशी दौरे पर टीम का हिस्सा होंगे। आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाले केएल राहुल ने अपने पुराने साथी करुण नायर की टीम में वापसी को लेकर खुशी जताई है। करुण नायर



पूरे आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में लौटे हैं और राहुल ने उनके संघर्ष व मेहनत की सराहना की। उन्होंने एक बयान में कहा, हमने 11 साल की उम्र में साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया था और तब से यह सफर साथ चला है। दोनों के करियर में उतार-चढ़ाव आए। करुण को मौका मिला, उन्होंने तिहरा शतक जड़ा, लेकिन इसके बाद उन्हें कई वजहों से मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पर जो बात सबसे ज्यादा प्रेरणादायक रही, वो यह है कि पिछले 2-3 सालों में उन्होंने जिस तरह से प्रदर्शन किया है, वह काबिल-ए-तारीफ है। राहुल ने आगे कहा, उन्हें वापस बुनियादी चीजों पर लौटते देखना अच्छा लगा। हमने इंग्लैंड में उनके काउंटी क्रिकेट खेलने और वहां के अनुभवों पर बात की है वो चुनौतियां, वो संघर्ष। इन सबके बावजूद भारतीय टीम में वापसी की चाह बनाए रखना, अपने आप में सराहनीय है।

# बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट में अपेक्षित शुरूआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1झ1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रियाल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ मैच से पहले कहा, 'एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेंगे।' रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन



फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरूआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया।

प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया और स्कोर 2-0 कर दिया। केनान यिल्डिज ने 31वें मिनट में गोल किया तथा कोलो मुआनी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में अपना दूसरा गोल करके युवेंटस को हाफ टाइम तक 4-0 से आगे कर दिया।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 20 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

## लाड़ली बहनों को दीपावली से प्रतिमाह मिलेंगे 1500 रुपये

### रक्षाबंधन मनाने के लिए लाड़ली बहनों को अगले माह दी जाएगी 250 रुपये की अतिरिक्त राशिः मुख्यमंत्री मोहन यादव

**संकल्प**

**हम लाड़ली बहनों को तीन हजार रुपये प्रति माह देने के अपने संकल्प पर कायम हैं: सीएम मोहन**




**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों को दीपावली से 1500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम लाड़ली बहनों को तीन हजार रुपये प्रति माह देने के अपने संकल्प पर कायम हैं। हमने डंके की चोट पर कहा है और इसे पूरा करेंगे। यह योजना पहले 1000 रुपये प्रति माह से शुरू हुई थी फिर हमने इसे 1250 रुपये किया। वर्ष 2028 तक इसे बढ़ाकर 3 हजार रुपये कर देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर बड़वानी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को इंदौर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अभियान चल रहा है। अगले महीने प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन मनाने के लिए 250 रुपये की अतिरिक्त राशि उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। बहनों के साथ युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के विकास के लिए लगभग 22 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। प्रदेश के 19 धार्मिक शहरों में शराबबंदी का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है।

**विवाह के लिये कुंडली के साथ वर-वधु का सिकल सेल जेनेटिक कार्ड भी मिलाएंः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समाज में शादी से पहले कुंडली मिलान की परंपरा है। अब समय आ गया है कि कुंडली के साथ हम वर-वधु का 'सिकल सेल जेनेटिक कार्ड' भी मिलाएं। इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चल जाए इसे नियंत्रण में रखने और रोगी को स्वस्थ रखने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। प्रदेश का जनजातीय समाज बड़ी संख्या में इस बीमारी से प्रभावित है। सिकल सेल हमारे लिए केवल एक स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है।

**प्रदेश में 1 करोड़ 6 लाख से नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग हुई पूरीः** उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक सिकल सेल को जड़ से मिटाने का लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में "राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047" प्रारंभ किया गया।

### जनजातीय अंचलों में खोली जा रहीं फूड प्रोसेसिंग यूनिट

*सीएम ने कहा कि बड़वानी, झाबुआ, धार सहित प्रदेश के अन्य जनजातीय बहुल जिलों के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। निमाड़ के किसानों को अब सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। राज्य सरकार ने तापी मेगा रीचार्ज परियोजना पर कार्य शुरू किया है। जनजातीय अंचलों में फूड प्रोसेसिंग यूनिट करने के अभियान अंतर्गत प्रदेशभर में कृषि मेले लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने तीसरी फसल मूंग के लिए सरकारी खरीद शुरू करने के लिए पंजीयन शुरू कर दिया हैं। बिजली बिल से मुक्ति दिलाने के लिए किसानों को सोलर पंप दिए जा रहे हैं। सरकार ने 2600 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदकर किसानों को लाभ दिया है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेश में दूध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास जारी हैं।*

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में आगामी 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक की तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार करने और राज्य में बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आगामी 24 जून को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक आयोजित होगी। इसी के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को "इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय" की भावना के अनुरूप ऐसे ठोस और नवाचारपरक प्रस्ताव तैयार करने को कहा, जो प्रदेश के समग्र, सतत और संतुलित विकास को नई गति प्रदान कर सकें। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बच्चों के पोषण, शारीरिक और मानसिक विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य ही राज्य और देश का भविष्य है, अतः उनके समग्र विकास के लिए एक समेकित और लक्ष्य आधारित योजना बनाई जाए।



राहुल गांधी के जन्मदिन पर सदाकत आश्रम में पाठ्य सामग्री वितरण करते पार्टी राजेश राम।

## खेती की शिक्षा के साथ जल संरक्षण के लिए हो कार्य-बागडे



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर/कोटा।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पारंपरिक भारतीय ज्ञान के आलोक में कृषि शिक्षा के आधुनिक विकास का आह्वान किया है। उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ वर्षा जल संरक्षण के लिए भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल गुरुवार को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के 8 वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को जो डिग्री प्रदान की गई है वह सिर्फ एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि उनकी मेहनत, संघर्ष एवं निरंतर प्रयासों का सम्मान है। यह केवल प्रमाणपत्र नहीं है, एक जिम्मेदारी भी है। इस डिग्री का उपयोग विद्यार्थी समाज एवं राष्ट्र के विकास में करें। उन्होंने कहा कि यह अत्यधिक प्रसन्नता का विषय है कि कुल 343 डिग्रीधारकों में से 140 छात्राओं ने डिग्री प्राप्त की है एवं कुल 14 स्वर्ण पदकों में से 9 स्वर्ण पदक छात्राओं को प्राप्त हुए हैं, जो लगभग 64 प्रतिशत है। कुलाधिपति व कुलगुरु पदक भी हमारी बेटियों ने प्राप्त किए हैं जो दशार्ता है कि छात्राएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं। बेटियां आगे बढ़ेंगी तभी समाज समुचित रूप में उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। मुझे खुशी है कि राजस्थान में बेटियां उच्च शिक्षा में निरंतर आगे बढ़ रही है। बागडे ने कहा कि विश्व में जनसंख्या के अनुपात में अन्न उत्पादन की अत्यंत आवश्यकता है, जिसके लिए गुणवत्तापूर्ण खेती अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ज्यादा पैदावार के लिए रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे जैविक तंत्र, पारिस्थितिकी एवं मानव स्वास्थ्य को खतरा है। अतः रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम कर प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, इसके लिए हमारे कृषि विश्वविद्यालयों को ध्यान देने की जरूरत है।

कृषि वैज्ञानिकों को इस हेतु चिंतन एवं मनन करने की आवश्यता है। उन्होंने कृषि और किसान से जुड़े सहायक व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई, जिनमें विशेष रूप से डेयरी उद्योग का उल्लेख किया।

**अन्न उत्पादन**

**कृषि और किसान से जुड़े सहायक व्यवसायों को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई**

## एचएएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट की

**शिमला।** वर्ष 2024 बैच के दो भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों और वर्ष 2025 बैच के हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के 19 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। यह परिवीक्षाधीन अधिकारी वर्तमान में डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवाओं में आने पर बधाई दी और उन्हें लोगों की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने को प्रोत्साहित किया। सदैव समाज हित के कार्यों को निजी उद्देश्यों की तुलना में प्राथमिकता देनी चाहिए।

## यूपीः पुलिस ने आठ साल में 234 दुर्दांत अपराधियों को किया ढेर



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में पिछले आठ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफ ताबड़तोड कार्रवाई करते हुए एनकाउंटर में 234 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है। इस दौरान पुलिस ने कुल 14,741 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 30,293 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 9,202 अपराधी घायल हुए। वहीं अपराधियों से लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गये जबकि 1,700 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनकाउंटर में मेरठ जोन ने मारी बाजी, पूरे प्रदेश में एनकाउंटर में पहले स्थान पर डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ जोन में दर्ज की गईं, जहां पुलिस ने 4,183 कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 7,871 अपराधी दबोचे गये जबकि 2,839 अपराधियों को घायल हुए। वहीं 77 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया। मेरठ जोन की मुठभेड़ के दौरान 2,839 अपराधी घायल हुए। इस दौरान 452 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये। उन्होंने बताया कि एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है।

**जीरो टॉलरेंस**

**सबसे अधिक मेरठ में 77 अपराधी किए गए ढेर, अपराधियों को ढेर करने में मेरठ जोन पहले स्थान पर**

## मुख्यमंत्री ने पुलिस के उपयोग के वाहनों क हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपने आवास से पुलिस के उपयोग हेतु 520 चार पहिया एवं 98 दो पहिया वाहनों का लोकार्पण किया और इस दौरान उन्होंने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्य क्षमता तथा दक्षता और बढ़ेगी। साथ ही विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी।

## ईडी की पटना, नालंदा में छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल के नीट-यूजी प्रश्न-पत्र पेपर लीक मामले में गुरुवार को पटना,नालंदा और रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। इस मामले की साजिशकर्ता संजीव मुखिया के नालंदा जिले के नगरनौसा के घर पर छापेमारी कर तलाशी ले रही है। संजीव के घर छापेमारी की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उसके घर पहुंच गए और वहां मौजूद ईडी के एक अधिकारी का फोन भी छीन लिया गया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने लोगों को समझा कर वहां से हटाया।

**चुनावी समर**

*राजद राज्य परिषद की बैंठक में निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने मंगनी लाल मंडल*

## अकेला रहने वाला परिवार क्या समझेगाः राबड़ी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** पटना के ज्ञान भवन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की राज्य परिषद की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस मौके पर बिहार विधान परिषद की नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने कहा कि हमारा परिवार बिहार है और जो अकेला होता है वो परिवार नहीं है। नीतीश पर हमला बोलते हुए राबड़ी ने कहा कि जो अकेला रहेगा वो परिवार क्या समझेगा? बिहार में 20 साल से राजग गठबंधन की सरकार है लेकिन गरीबों की हालत जस की तस बनी हुई है। गरीबों के साथ सरकार अन्याय कर रही है। यह सरकार गरीबों की नहीं है। राबड़ी ने कहा कि आज हमारी राज्य परिषद की बैठक में जो तेजस्वी तय करेगा उसको आगे बढ़ाना है। चुनाव में सबको एक साथ जोड़ना है। सब धर्म जाति सबको साथ लेकर चलना है। कोई ऐसी जाति नहीं है जिसे हमने अपनी पार्टी में जगह नहीं दिया। तेजस्वी सत्तू खाते है तब भी मजाक उड़ाया जाता है। जिसको जितना गाली देना है दीजिए सब आगे पता चल जाएगा। राबड़ी देवी ने कहा कि तेजस्वी पार्टी को लेकर आगे चल रहे हैं। पार्टी के लोगों ने तय किया है कि राजद को आगे बढ़ाना है, इसके लिए हम सभी को मेहनत करना होगा। इसलिए आप सब भी मेहनत कीजिए। आज स्थिति यह है कि सरकार के लोग हमें बदनाम करते हैं। हमारे कार्यकाल को जंगलराज कहते हैं जबकि हकीकत यह है कि आज महाजंगल राज नहीं बल्कि महाराक्षस राज है। राबड़ी ने कहा कि लोगों को घर में घुसकर मारा जा रहा है। बेटियों का बलात्कार हो रहा है। हमलोग की पार्टी में कुछ होता है तो मीडिया में खबरें चलने चलती है। राबड़ी देवी ने पार्टी के लोगों को एकजुट रहने की बात कही।

